संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 243
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
गुरुवार 05 नवम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर किया कड़ा प्रहार, बोले-

इंडी गठबंधन के नेतृत्वकर्ताओं में क्लैरिटी, कैपेसिटी और क्रेडिबिलिटी का अभाव



लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कांग्रेस व इंडी गठबंधन पर करारा प्रहार किया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट श्एक्सश पर लिखा कि इनके नेतृत्वकर्ताओं में क्लैरिटी, कैपेसिटी और क्रेडिबिलिटी का पूरा अभाव है। जनादेश का अनादर इसी सोच का परिणाम है।

हार के नए रिकॉर्ड बना रही कांग्रेस व इंडी गठबंधन

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनावों में हार के नए रिकॉर्ड बना रही कांग्रेस और इंडी गठबंधन की हताशा अब अराजकता की राजनीति में बदल गई है। इनके नेतृत्वकर्ताओं में क्लैरिटी, कैपेसिटी और क्रेडिबिलिटी का पूरा अभाव है। जनादेश का अनादर इसी सोच का परिणाम है।

गोरखपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ आज पदयात्रा करेंगे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अराजकता के विरुद्ध जनजागरण और लोकतंत्र की गरिमा की रक्षा का संकल्प लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जी के साथ गोरखपुर में आयोजित श्लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओश पदयात्रा में सहभागिता करूंगा। मुख्यमंत्री ने एक तरफ कांग्रेस व इंडी गठबंधन की अराजकता पर सवालिया निशान उठाया तो दूसरी तरफ देशवासियों को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में हम भारत के महान लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

श्रीनगर में दर्दनाक हादसा, बेमिना में भीषण आग से 80 अस्थायी शेल्टर जलकर खाक, दिल्ली के की जलकर मौत

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में आग लगने की वजह से कम से कम दो कबाड़ इकट्ठा करने वालों की मौत हो गई और करीब 80 अस्थायी शेल्टर जलकर खाक हो गए। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर के बेमिना के दुर्बल में सुबह–सुबह अस्थायी शेल्टर में लगी भीषण आग में दो कबाड़ इकट्ठा करने वालों की मौत हो गई। उन्होंने कहा, आग रात करीब 12.23 बजे लगी, जिसने तिरपाल और लकड़ी से बने करीब 80 अस्थायी शेल्टरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग में एक खाली पोल्ट्री फार्म और एक टिपर को भी नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने बताया, फायर स्टेशन जेवीसी और रावलपोरा से फायर टेंडर, साथ ही फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज हेडक्वार्टर बटमालू से अतिरिक्त मदद के लिए बुलाए गए, ताकि आग पर काबू पाया जा सके।

पांच मिनट में साबित कर दूंगा कि देशद्रोही हैं मोदी : राहुल



संगरूर (पंजाब)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नियंत्रण होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि श्री मोदी देशद्रोही हैं और वह आमने–सामने की बहस में पांच मिनट के भीतर इसे साबित भी कर देंगे। श्री गांधी ने यहां बुधवार को श्इंसाफ रैलीश को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने एक दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी को आमने–सामने बहस करने की चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि बहस में निर्णायक के तौर पर प्रधानमंत्री जिसे चाहें, उसे बैठा सकते हैं। वह मोहन भागवत या अडानी को भी निर्णायक बनाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री संसद में चर्चा की बात करते हैं लेकिन वहां विपक्ष का माइक बंद कर दिया जाता है और उसे बोलने नहीं दिया जाता। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री उनके सामने बैठकर बहस करने की हिम्मत नहीं कर सकते। उन्होंने आरोप लगाया कि डोनाल्ड ट्रंप प्रधानमंत्री मोदी को नियंत्रित करते हैं और यही वजह है कि ट्रंप ने धमकाकर उनसे पांच मिनट के भीतर अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करवा लिये। इस समझौते के लिए न तो मंत्रिमंडल की बैठक बुलायी गयी और न ही नौकरशाहों से सलाह ली गयी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते से देश के किसानों के हितों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने अमेरिका के सामने कुछ नहीं बोला। ट्रंप लगातार दावा करते हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इस पर कुछ नहीं बोल पाते। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री श्री ट्रंप के इस दावे का जवाब क्यों नहीं देते। श्री गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री किसानों, छोटे और मझोले उद्योगों तथा आम कारोबारियों के हितों की रक्षा करने के बजाय बड़े उद्योगपतियों के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसानों के खिलाफ काम किया और देश का पूरा बुनियादी ढांचा अडानी जैसे उद्योगपतियों के हवाले किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब में एक समय कांग्रेस की सरकार के दौरान ऑटोमोबाइल उद्योग के साथ बड़ी संख्या में लघु एवं मध्यम उद्योग थे, जिनसे रोजगार के अवसर पैदा होते थे। किसानों और छोटे–मझोले उद्योगों की रक्षा के बिना पंजाब का विकास संभव नहीं है। उन्होंने अमेरिका में अडानी के खिलाफ चल रहे मामले का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि व्यापार समझौते के बाद अमेरिका ने अडानी की कंपनी के खिलाफ मामला बंद कर दिया। कांग्रेस नेता ने गृह मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधा और कहा कि उन्होंने पंजाब से तीन साल में नशा खत्म करने का वादा किया है, लेकिन उनका यह दावा पूरा नहीं होगा। उन्होंने आकलन जताया कि मौजूदा सरकार एक साल भी नहीं चलेगी और तीन साल बाद अमित शाह गृह मंत्री भी नहीं रहेंगे।

अग्निवीरों को दो साल का सेवा विस्तार, 25 प्रतिशत की नौकरी होगी पक्की

नयी दिल्ली, एजेंसी। अग्निवीर योजना के तहत सेना में भर्ती युवाओं के लिए दो साल के अतिरिक्त सेवा विस्तार की घोषणा से बड़ा बदलाव होने की बात सामने आई है। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार, चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले 25 प्रतिशत अग्निवीरों को नियमित सैनिक बनने का मौका मिलेगा, जबकि बाकी 75 प्रतिशत जवानों को दो साल और सेना में सेवा करने का अवसर दिया जाएगा। इस फैसले को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिलने की जानकारी दी गई है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमण्यम ने भी इस बदलाव से जुड़ी जानकारी साझा की है। इस फैसले से उन हजारों युवाओं को राहत मिलने की उम्मीद है, जिनका चार साल का कार्यकाल जल्द पूरा होने वाला था। आइए जानते हैं कि नई व्यवस्था में अग्निवीरों के लिए क्या बदलाव किए गए हैं। अग्निपथ योजना के मौजूदा प्रावधान के तहत चार साल की सेवा पूरी होने के बाद अधिकतम 25 प्रतिशत अग्निवीरों को नियमित कैडर में शामिल किया जा सकता है। बाकी 75 प्रतिशत जवानों को सेवा से मुक्त किया जाना था। नई व्यवस्था के विवरण के मुताबिक, अब नियमित सेवा के लिए चयनित नहीं होने वाले अग्निवीरों को दो साल का अतिरिक्त कार्यकाल मिलेगा। उदाहरण के तौर पर, यदि 100 युवा अग्निवीर के रूप में भर्ती होते हैं तो चार साल बाद 25 को नियमित सैनिक बनाया जाएगा और शेष 75 को दो साल और सेवा करने का मौका मिलेगा। सेवा विस्तार के बाद भी अग्निवीरों के लिए नियमित सैनिक बनने का रास्ता खुला रहने की बात कही गई है। ब्बै के मुताबिक, अतिरिक्त दो साल की सेवा पूरी करने के बाद इच्छुक अग्निवीरों को उनके प्रदर्शन और मूल्यांकन के आधार पर चयन प्रक्रिया में शामिल किया जा सकता है। हालांकि, 75 प्रतिशत अग्निवीरों में से कितने जवानों को नियमित सेवा में शामिल किया जाएगा, इसका स्पष्ट आंकड़ा सामने नहीं आया है। चयन निर्धारित मानकों और प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

एसआईआर में फॉर्म–6 पर विवाद पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान पुराने मतदाताओं से फॉर्म–6 भरवाने को लेकर विवाद बढ़ गया है। मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने बुधवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के समक्ष इस मुद्दे पर तत्काल सुनवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग उन लोगों से भी फॉर्म–6 भरने को कह रहा है, जिनके नाम पहले मतदाता सूची में शामिल थे, लेकिन एसआईआर प्रक्रिया के दौरान हटा दिए गए। फॉर्म–6 का इस्तेमाल सामान्य तौर पर पहली बार मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने या नए मतदाता के पंजीकरण के लिए किया जाता है। ऐसे में पुराने मतदाताओं से यह फॉर्म भरवाने को लेकर कानूनी और प्रक्रियागत सवाल खड़े हो रहे हैं। इससे पहले 28 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पहले से मतदाता सूची में शामिल रहे और बाद में हटाए गए नागरिकों को नए मतदाता के तौर पर फॉर्म–6 भरने के लिए बाध्य करना चुनाव आयोग की गलती है। इस मामले में याचिकाकर्ता अंजलि भारद्वाज और अमृता जोहरी की ओर से प्रशांत भूषण, शेरिल डिसूजा और नेहा राठी ने पक्ष रखा था। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि चुनाव आयोग पुराने मतदाताओं को नए आवेदक के रूप में आवेदन करने के लिए कह रहा है। उनका कहना था कि फॉर्म–6 में खुद को नया मतदाता बताने संबंधी घोषणा गलत साबित होने पर संबंधित व्यक्ति को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। बुधवार को सुनवाई के लिए मामले का उल्लेख करते हुए प्रशांत भूषण ने कहा कि मतदाता असमंजस में हैं। उन्हें आशंका है कि यदि वे फॉर्म–6 में खुद को नया मतदाता घोषित करते हैं तो उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जा सकता है। इस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर विचार कर रहा है और मतदाताओं को घबराने की जरूरत नहीं है।

दिमागी नक्सल वाला फ्लॉप बयान दोहरा रहे पीएम मोदी, वोट चोरी पर उनके पास कोई जवाब नहीं : खरगे



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का समर्थन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिमागी नक्सल वाले बयान की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी और विदेशी ताकतों के सामने भारतीय हितों को गिरवी रखने से जुड़े सवालों पर सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, प्रधानमंत्री मोदी अपने फ्लॉप हो चुके दिमागी नक्सल वाले बयान को बार–बार दोहरा रहे हैं। उनके पास वोट चोरी और राहुल गांधी की उस खुली चुनौती का कोई जवाब नहीं है, जिसमें पूछा गया है कि उन्होंने भारतीय हितों को विदेशी ताकतों के सामने कैसे गिरवी रखा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर भी खरगे ने सवाल उठाए, जिसमें उन्होंने तीन करोड़ मतदाताओं को घुसपैठिया बताया था। खरगे ने पूछा कि इतने वर्षों तक गृह मंत्री रहने के दौरान शाह क्या कर रहे थे और अवैध लोगों को भारत में प्रवेश करने से क्यों नहीं रोक पाए। उन्होंने कहा, शाह हमें बता रहे हैं कि तीन करोड़ मतदाता घुसपैठिए हैं। वह इतने वर्षों तक गृह मंत्री रहते हुए क्या कर रहे थे? उन्होंने अवैध लोगों को भारत में प्रवेश करने दिया? उन्हें अपनी अक्षमता के लिए बर्खास्त कर देना चाहिए। खरगे ने चुनाव आयोग पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग ने बार–बार अपना रुख बदला है। उन्होंने कहा, एसआईआर पर चुनाव आयोग ने पांच बार यू–टर्न लिया है। इसमें फॉर्म–6 में पूरी तरह बदलाव भी शामिल है, जिसे साथी चुनाव आयुक्तों ने ही अवैध बताया था। ऐसा क्यों? संसद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए खरगे ने कहा कि संसद के पिछले सत्र को 83 दिनों से अधिक समय बीतने के बावजूद अभी तक सत्रावसान नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की हालिया गतिविधियों के बाद सरकार विशेष सत्र बुलाने की तैयारी कर रही है। खरगे ने कहा, संसद के पिछले सत्र का 83 दिनों से अधिक समय बीतने के बाद भी सत्रावसान नहीं हुआ है। अब जब अगला सत्र करीब है, तो वे विशेष सत्र बुलाना चाहते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सार्वजनिक महाभियोग की पहल और रामलीला मैदान में हुई विशाल वोट बचाओ रैली ने मोदी जी और शाह को परेशान कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को खुली बहस की चुनौती देते हुए कहा कि उन्हें सवालों का सामना करना चाहिए और संसद में आकर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा, आप संसद में नहीं आते। आपने एक भी खुली प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की है। अब बहस का समय है। आगे आइए और सवालों का सामना कीजिए। देश को बताइए कि आपने वोट चोरी क्यों की। खरगे की यह टिप्पणी राहुल गांधी की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को विदेशी प्रभाव और देश की वित्तीय व्यवस्था से जुड़े मुद्दों सहित विभिन्न विषयों पर खुली बहस की चुनौती दिए जाने के एक दिन बाद आई है। मंगलवार को राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री से कहा था कि वह चर्चा के लिए कोई भी जगह चुन सकते हैं। उन्होंने विपक्ष को राष्ट्रविरोधी बताने वाले सरकार के आरोपों पर भी सवाल उठाए थे।

एससी का बड़ा फैसलाः दो से अधिक बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से रोकने वाले कानून अब प्रासंगिक नहीं

नयी दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि दो से अधिक बच्चे होने पर दंड देने वाले कानूनों की प्रासंगिकता खत्म हो गई है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि भारत में प्रजनन दर लगातार घट रही है। ऐसे में इन कानूनों का अब कोई औचित्य नहीं रह गया है। इनकी फिर से समीक्षा की जरूरत है। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने महाराष्ट्र के काकोडा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव की अयोग्यता को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की, जिन्हें तीसरा बच्चा होने के कारण चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया था। अपनी टिप्पणी में कोर्ट ने कहा, "पिछले दो दशकों में भारत की जनसांख्यिकीय स्थिति में बड़ा बदलाव आया है। पिछले कुछ दशकों में आए जनसांख्यिकीय बदलावों के कारण जनसंख्या विस्फोट का डर अब नहीं रहा। इसका प्रमाण यह है कि प्रजनन दर 3 से घटकर 1.9 पर आ गई है। इसलिए, दो से अधिक बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने वाले कानून, मौजूदा हालात में शायद अब प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। इसलिए, अदालत ने महाराष्ट्र के एक कानून के तहत पूर्व सरपंच मंगला भीमराव के खिलाफ चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने 2003 के जावेद बनाम हरियाणा सरकार मामले में दिए गए फैसले को आगे समीक्षा के बड़ी बेंच के पास भेज दिया। उस फैसले में तीन जजों की पीठ ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 के उस प्रावधान को सही ठहराया था, जिसके तहत दो से अधिक जीवित बच्चे होने पर व्यक्ति पंचायत चुनाव नहीं लड़ सकता था। कोर्ट ने बताया कि जब जावेद मामले में फैसला आया था, तब भारत की कुल प्रजनन दर लगभग तीन बच्चे प्रति महिला थी, जिससे जनसंख्या नियंत्रण एक अहम नीतिगत मुद्दा बन गया था।



पंजाब में आप विधायक अमनदीप कौर के 7 ठिकानों पर ईडी की रेड, सरकारी जमीन हड़पने का आरोप

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी की विधायक अमनदीप कौर अरोड़ा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को ईडी की टीमों ने मोगा से विधायक अमनदीप कौर और उनके परिवार से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई कथित मनी लॉन्ड्रिंग और सरकारी संपत्ति को धोखाधड़ी से हासिल करने के मामले में की गई है। छापेमारी के दौरान विधायक के आवास के अलावा उनके परिवार के सदस्यों, सहयोगियों और अन्य संबंधित लोगों के परिसरों की भी तलाशी ली गई। इस कार्रवाई में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के हथियारबंद जवान भी ईडी की टीमों के साथ मौजूद रहे। ईडी की कार्रवाई में विधायक के पति डॉ. राकेश अरोड़ा से जुड़े एक नशा मुक्ति केंद्र को भी शामिल किया गया। जांच एजेंसी की टीमें सात अलग–अलग स्थानों पर दस्तावेजों और अन्य संभावित साक्ष्यों की पड़ताल कर रही हैं। अमनदीप कौर अरोड़ा मोगा विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की विधायक हैं। बताया जा रहा है कि पार्टी ने उन्हें आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए इसी सीट से दोबारा उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में चुनाव से पहले हुई इस कार्रवाई ने राज्य की राजनीति में हलचल बढ़ा दी है। इस मामले की शुरुआत जून 2024 में हुई थी, जब पंजाब पुलिस ने कथित धोखाधड़ी को लेकर एफआईआर दर्ज की थी। बाद में प्रवर्तन निदेशालय ने इसी प्राथमिकी के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग के पहलुओं की जांच शुरू की।

पूर्वांचल से सियासी शंखनाद, गोरखपुर में भाजपा का विशाल शक्तिप्रदर्शन

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और सीएम योगी की अगुवाई में निकली लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ पदयात्रा



गोरखपुर, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने गोरखपुर में लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ पदयात्रा के जरिए अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बुधवार को पहली बार गोरखपुर पहुंचे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में अभियान का आगाज हुआ। पदयात्रा में गोरक्ष क्षेत्र के 12 जिलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों के शामिल होने का दावा किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन का यह पहला गोरखपुर दौरा है। वह बुधवार दिल्ली से गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला सर्किट हाउस पहुंचा। यहां से वह महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा में शामिल हुए। रैली में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी हाथों में मोदी है–मोदी रहेगा लिखी तख्तियां लेकर पहुंचे। कार्यक्रम में निषाद पार्टी समेत सहयोगी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं की भी भागीदारी रही। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी को आत्ममंथन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बैलेट पेपर से हुए एमएलसी चुनाव में कांग्रेस पूरे देश में 28 में से केवल एक सीट जीत पाई। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 37 साल, तमिलनाडु में 59 साल, बिहार में 36 साल और गुजरात में 31 साल से सत्ता से बाहर है। पंकज चौधरी ने कहा कि यह अभियान देश के लोकतंत्र को बचाने, अराजकता को उखाड़ फेंकने और देश के खिलाफ हो रही साजिशों को बेनकाब करने के लिए है। विपक्षी दल चुनाव हारने पर ईवीएम और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर उन्हें बदनाम करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने दिल्ली में युवाओं को कथित तौर पर भ्रमित कर प्रदर्शन कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदर्शन में कुछ लोगों ने रिजीम चेंज करने की बात कही थी।

संपादकीय

फिर हेलीकॉप्टर हादसा

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि उत्तराखंड में तीर्थयात्रियों को ला रहा एक हेलीकॉप्टर फिर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में बद्रीनाथ से देहरादून लौट रहे पांच तीर्थयात्रियों और पायलट समेत छह लोगों की मौत हो गई। जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के चलते पहाड़ी इलाकों में हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने पर यात्रियों के बचने की संभावना ना के बराबर होती है। यदि राहत व बचाव का कार्य शुरू भी किया जाए तो विषम परिस्थितियों में यह संभव नहीं हो पाता। लेकिन बेहद ऊंचे हिमालयी इलाकों में हेलीकॉप्टर सेवा को लेकर जो अतिरिक्त सुरक्षा सावधानी बरती जानी चाहिए, वह नजर नहीं आती। लगता हेलीकॉप्टर सेवा संचालित करने वाली कंपनियां यात्रियों की सुरक्षा के बजाय अपने मुनाफे को ही प्राथमिकता दे रही हैं। विडंबना यह है कि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान ऐसे हादसे लगातार होते रहे हैं। बल्कि हादसों के बाद कुछ समय के लिये हेलीकॉप्टर सेवाओं को रोका भी गया था। लेकिन फिर 'वही ढाक के तीन पात' वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में इस हिमालयी राज्य में हेलीकाप्टर हादसे और इमरजेंसी की स्थिति में हेलीकॉप्टर उतारने की कई घटनाएं सामने आई हैं। जिसके चलते निजी कंपनियों द्वारा हवाई सेवा के परिचालन के तौर–तरीकों और तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस बाबत गत वर्ष जुलाई में संसद में नागरिक उड्डयन मंत्रालय की तरफ से आधिकारिक जानकारी संसद को दी गई थी। जिसमें बताया गया कि साल 2020 के बाद देश में बारह हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हुई थी। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि इनमें से सात दुर्घटनाएं सिर्फ उत्तराखंड में हुई थीं। इन हादसों में जिन तीस लोगों की मृत्यु हुई, उनमें से इक्कीस सिर्फ उत्तराखंड में हुए हादसों में मारे गए। जिससे उत्तराखंड में चारधाम यात्रा में हवाई सेवा देने वाली कंपनी की सुरक्षा नीति और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठने स्वाभाविक ही हैं। इन हादसों के बाद हुए व्यापक विरोध के चलते कुछ समय हेलीकॉप्टर सेवा का परिचालन स्थगित भी किया गया था।यहां सवाल उठना स्वाभाविक है कि इन हादसों के बाद भी नियामक संस्थाएं तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी की जवाबदेही क्यों तय नहीं कर रही हैं? सवाल यह भी है कि तीर्थ यात्रियों का जीवन खतरे में डालने वाली कंपनी के मालिक व अधिकारियों को क्या कभी जवाबदेह ठहराया गया? क्या कंपनी पर कभी जुर्माना लगाया गया? बीच में सेवा को स्थगित किया था,तो क्या इस सेवा को फिर से शुरू करने के लिये सुरक्षा मानकों पर कंपनी खरी उतरी थी? यदि खरी उतरी थी तो यह नया हादसा कैसे हुआ? जाहिर है, इस हेलीकॉप्टर सेवा के दौरान सिर्फ कंपनी के मुनाफे को प्राथमिकता दी जा रही है। यह सर्वविदित है कि बद्रीनाथ व केदारनाथ आदि तीर्थ बेहद ऊंचाई पर स्थित हैं। जहां लगातार मौसम अचानक बदलता रहता है। मौसम खराब होने पर हवाई यात्रा जोखिमभरी होती है। जिसके चलते बदलते मौसम को लेकर भी सतर्कता बरतनी बेहद जरूरी है। वहीं दूसरी ओर तीर्थयात्रियों का हादसे का शिकार होना, श्रद्धालुओं की आस्था व विश्वास को भी प्रभावित करता है। उनके मन में कई तरह के संशय पैदा करता है। यह विडंबना है कि इस हिमालयी राज्य में धार्मिक पर्यटन में वृद्धि और हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने के बावजूद सुरक्षा के मानकों के प्रति सरकार ने गंभीरता नहीं दिखायी। यदि शुरुआती हादसों के बाद कंपनी का लाइसेंस स्थगित करके जवाबदेही तय की जाती तो शायद फिर इन दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होती। फिर सुरक्षित सफर के लिये हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी आवश्यक सावधानी का अनिवार्य रूप से पालन करती। यह निर्विवाद तथ्य है कि सुविधाओं के विस्तार के साथ इस संवेदनशील इलाके में सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। मौसम के तेवर में बदलाव और मामूली तकनीकी त्रुटि तीर्थयात्रियों के लिये जानलेवा ही साबित होती है। यह विडंबना ही कि सरकारें तीर्थस्थलों व पर्यटन स्थलों पर यात्रियों को लुभाने के लिये तमाम तरह के सब्जबाग तो दिखाती हैं लेकिन जोखिम मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने को लेकर प्रतिबद्धता नजर नहीं आती।

हांफते-खांसते भाजपा का समर्थन

डॉ. दीपक पाचपोर

देश की राजधानी दिल्ली समेत तमाम बड़े शहरों में हवा सांस लेने लायक नहीं रह गई है। पहले पानी इतना प्रदूषित कर दिया गया कि जल शुद्धिकरण यंत्र यानी वॉटर प्यूरीफायर अनिवार्यता बन चुके हैं।

केंद्र में नरेन्द्र मोदी के बारह सालों के शासन का हासिल यह है कि सामान्य बुद्धि को ताक पर रखकर धर्म के नाम पर खुद को नुकसान पहुंचाने से भी लोग अब झिझक नहीं रहे हैं। चंद दिनों में दीपावली का पर्व शुरु हो रहा है। फसल कटाई के बाद का यह उत्सव अब प्रदूषण की कालिमा से घिर चुका है। बरसों से दीपावली के पहले और बाद में चिंता का एक बड़ा विषय वायु और ध्वनि प्रदूषण बन गया है। देश की राजधानी दिल्ली समेत तमाम बड़े शहरों में हवा सांस लेने लायक नहीं रह गई है। पहले पानी इतना प्रदूषित कर दिया गया कि जल शुद्धिकरण यंत्र यानी वॉटर प्यूरीफायर अनिवार्यता बन चुके हैं। हर संपन्न, सक्षम घर में वॉटर प्यूरीफायर मिल जाएगा। जहां नहीं होगा, वहां बोतलों में बंद पानी खरीदा जाता है। गरीबों के लिए यह अब भी विलासिता की चीज है कि पानी शुद्ध करने वाली मशीन वे अपने घर में लगा सकें। उनके घरों में तो नल ही नहीं होता, तो उससे निकलने वाले पानी को शुद्ध करना तो दूर की बात है। वे अब भी नगर निगम के बनाए नलों, तालाबों या कुओं से पानी भरते हैं और कई इलाकों में दूर–दराज से पानी ढोकर लाते हैं। पानी के बाद अब अगला हमला हवा पर हुआ है। प्रकृति के दिए अनमोल उपहारों यानी हवा और पानी पर अब अमीरों का कब्जा होता जा रहा है। हवा को बोतल में बंद करके तो अभी नहीं बेचा जा रहा, लेकिन अब एयर प्यूरीफायर खूब बिकने लगे हैं। जिन घरों में यह नहीं होते, वहां अंदर रखे पौधों से हवा को शुद्ध बनाने की कोशिश की जाती है। और इससे भी काम न बने तो फिर मास्क है ही। कोविड काल ने लोगों को मजबूरी में मास्क पहनना सिखाया, अब लोग इसे आदत की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि गरीबों के लिए यह भी एक विलासिता ही है। भारत में पूंजीवाद का ऐसा घिनौना स्वरूप देखने मिलेगा, यह कल्पना तो पूंजीवाद के कट्टर समर्थकों ने भी नहीं की होगी। जिसमें गरीबों और असहायों से उनके जीने के मूल आधार हवा–पानी को ही उनके लिए अनुपलब्ध करा दिया जाए। यह अतिशयोक्ति नहीं है, बल्कि कड़वा सच है कि देश के कई शहरों की हवा सांस लेने लायक नहीं रह गई है। वायु गुणवत्ता इंडेक्स यानी एक्यूआई में दो सौ, तीन सौ के आंकड़े पार करना तो अब मामूली बात हो गई है, जबकि यह प्राणवायु नहीं जहरीली हवा होती है। हर साल अक्टूबर से लेकर दिसंबर–जनवरी तक यही हालात रहते हैं। दिल्ली के आसपास तो पराली जलाने को लंबे अरसे तक प्रदूषण का कारण बताया जाता रहा। पर जब पराली नहीं जलती, तब भी आकाश में धुएं और धुंध की मोटी परत दिखाई देती है। ऊपर से पटाखों को जलाने से हालात और गंभीर हो जाते हैं। प्रदूषण को देखते हुए अब कहा जाने लगा है कि दिल्ली में रहने वालों की औसत आयु में से आठ साल कम हो गए हैं। ऐसे में कायदे से समाज को ही पहल करनी चाहिए कि वह वायु शुद्ध बनाए रखने में अपना योगदान दे। लेकिन भाजपा ने इसमें भी धर्म को घुसा लिया है। मानो हिंदुत्व की माला जपने वालों को शुद्ध वायु मिलेगी और बाकी दमघोंटू माहौल में रहने को अभिशप्त रहेंगे। नौबत ऐसी आ गई है कि पुलिस भी अब भाजपा के दबाव में दिख रही है। बीते 25 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस ने से नो टू क्रैकर्स, यस टू ग्रीनर दीवाली यानी पटाखों को कहें ना, हरित दिवाली को हां और जानवरों की सुरक्षा से जुड़ा एक संदेशध्वीडियो पोस्ट किया था। लेकिन 4–5 घंटों के भीतर इसे सोशल मीडिया हैंडल से हटा लिया गया। यह पहली बार नहीं है जब दिल्ली प्रशासन ने दिवाली के दौरान पटाखों को लेकर अपना रुख बदला है। 2024 की दीपावली से पहले, दिल्ली सरकार ने 1 जनवरी, 2025 तक सभी पटाखों को बनाने, बेचने, स्टोर करने और फोड़ने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंध को ठीक से लागू न करने की आलोचना की और सुझाव दिया कि सरकार इसे स्थायी करने पर विचार करे। दिसंबर 2024 में, दिल्ली सरकार ने कोर्ट को बताया कि उसने पटाखों पर साल भर का बैन लगा दिया है। लेकिन, जल्द ही स्थिति बदल गई। अप्रैल 2025 में, सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंध में ढील देने से मना कर दिया, लेकिन अक्टूबर में उसने दिवाली के दौरान कुछ समय के लिए दिल्ली–एनसीआर में ग्रीन पटाखे बेचने और इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी। कोर्ट ने कहा कि इन पटाखों को नेशनल एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (नीरी) के तय मानक को पूरा करना होगा, और सिर्फ तय समय के दौरान ही इनके इस्तेमाल की इजाजत दी। दिल्ली सरकार और केंद्र ने इस ढील का समर्थन किया। उस समय शहर का एक्यूआई लगभग 500 तक पहुंच गया, जो गैस चेंबर जैसा खतरनाक था। अब भी हालात उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इधर मुंबई में भी हवा खराब हो चुकी है। ऐसे में हाईकोर्ट और बीएमसी ने पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने की मुहिम छेड़ी और कुछ चर्चित लोगों से इसके लिए वीडियो बनवाए। दीया मिर्जा, अभिनेत्री माधुरी दीक्षित और निशिगंधा वाड, तथा क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे इसमें शामिल थे। इसमें दीया मिर्जा की पटाखों रहित दीपावली मनाने की अपील पर विवाद खड़ा हो गया है। क्योंकि मुंबई भाजपा के प्रमुख अमित सातम को यह रास नहीं आया। सातम ने लिखा, हमें दिया मिर्जा से यह सीखने की जरूरत नहीं है कि दीवाली कैसे मनानी है। हमारी परंपराएं हमारी संस्कृति में गहराई से रची–बसी हैं।

फिर भी संघ–भाजपा का राग घुसपैठिया जारी!

मोदीशाही के अंत की शुरूआत हो गयी है। 1 नवंबर की इंडिया ब्लाक समेत तमाम विपक्ष की रामलीला मैदान की विशाल रैली ने, बिगुल बजाकर मोदीशाही के अंत की शुरूआत का ऐलान किया है। देश भर में तेजी से लोगों की जुबान पर चढ़ते श्वोट चोरीश के नारे का मुकाबला करने की कोशिश में, संघ–भाजपा जोड़ी जिस तरह के न सिर्फ भोंथरे बल्कि बाकायदा पिटे हुए हथियारों का सहारा लेने पर मजबूर नजर आती है, वह एक प्रकार से अंत की इस शुरूआत का ही कबूलनामा है। जाहिर है कि लड़ाई में पिटे हुए हथियारों का सहारा लेना, मन से बाजी में हार मान लेने की ही निशानी होता है। घुसपैठियों के न सिर्फ घुस आने बल्कि छा जाने का सरासर झूठा सांप्रदायिक डर फैलाना ही वह पिटा हुआ हथियार है, जिसका मतदाता सूचियों से लेकर चुनाव संचालन तक, समूची चुनाव व्यवस्था में ईमानदारी यानी निष्पक्षता सुनिश्चित किए जाने से जुड़ी मांगों पर केंद्रित जन–आंदोलन के खिलाफ, संघ–भाजपा अपने मुख्य हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। जैसाकि अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है, मौजूदा निजाम के चाणक्य कहलाने वाले, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ही श्वोट चोरीश के खिलाफ जनतंत्र की परवाह करने वाली सभी शक्तियों तथा लोगों के व्यापक अभियान के खिलाफ, श्घुसपैठिया आया, घुसपैठिया आयाश को हथियार बनाने की शुरूआत की थी। इस व्यापक जन–लामबंदी में दरार डालने की कथित चाणक्य नीति आजमाने में ही अपनी सारी चतुराई लगाते हुए, अमित शाह ने छांटकर राहुल गांधी तथा कांग्रेस को निशाना बनाते हुए यह दावा किया था कि, वे घुसपैठियों को बचाने के लिए ही एसआईआर में वोट कटने के वोट चोरी होने का झूठा शोर मचा रहे थे। याद रहे कि इस तरह, एसआईआर के नाम पर करोड़ों की संख्या में, 2024 के आम चुनाव में मतदान करने वाले मतदाताओं के नाम काटे जाने को घुसपैठिया–विरोधी कार्रवाई बताकर सही ठहराने की कोशिश, कोई साधारण राजनीतिक नेता नहीं कर रहा था बल्कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के गृहमंत्री के पद पर बैठा व्यक्ति कर रहा था। और यह दावा इसके बावजूद किया जा रहा था कि मोदाशाही के बारह साल से ज्यादा में संसद में पूछे गए प्रश्नों से लेकर, सूचना का अधिकार के तहत पूछे गए प्रश्नों तक के जवाब में, खुद गृह मंत्रालय द्वारा आधिकारिक रूप से बार–बार यह माना गया था कि सरकार के पास श्घुसपैठियोंश के संबंध में संख्या आदि की कोई ठोस जानकारी ही नहीं है! वास्तव में एसआईआर से भी पहले, संघ परिवार के सांप्रदायिक प्रचार से संचालित घुसपैठियों की अंधाधुंध खोज का, आम जनता के लिए ऐसा ही तकलीफदेह अभ्यास, असम में हुआ था। इसका नाम था, एनआरसी का अद्यतनकरण। याद रहे कि इस प्रक्रिया को मोदी–शाह की सरकार देश भर में लागू करना चाहती थी। अब चोर दरवाजे एसआईआर के नाम पर, वही खेल खेलने की कोशिश की जा रही है। और असम में एनआरसी का क्या हुआ? बेशक, बांग्लादेश से लगती हुई सीमा वाला राज्य होने के चलते, असम में 1971 में बांग्लादेश की स्थापना के दौर की उथल–पुथल के दौरान तथा उसके बाद भी, रोजी–रोटी की तलाश में बांग्लादेश से गरीब मजदूरों के आने का सिलसिला चलता रहा था। इसी मुद्दे को लेकर 1980 के दशक में असम में उग्र–बांग्लादेशी–विरोधी आंदोलन भी चला था, जिसका अंत 1985 के असम समझौते पर हुआ था। इसी समझौते के एक प्रावधान के आधार पर और भाजपा व संघ परिवार के अनवरत प्रचार के दबाव में तथा सुप्रीम कोर्ट के अनुमोदन से, भाजपा के राज में असम में एनआरसी कराया गया। हजारों करोड़ रुपए फूंक कर और सैकड़ों जानें कुर्बान करने तथा समूची जनता तथा खासतौर पर गरीब, अशिक्षित, सामाजिक रूप से कमजोर लोगों तथा महिलाओं को बेशुमार तकलीफों से गुजारने के बाद, एसआईआर की ही तरह नागरिकता–जांच की इस प्रक्रिया के अंत में, करीब 20 लाख असमवासियों की नागरिकता को श्संदिग्धश करार दिया गया था। लेकिन, अंत में जब यह सच सामने आया कि संघ के प्रचार और उसकी अपेक्षाओं के विपरीत, इस प्रक्रिया में अपनी नागरिकता साबित न कर पाने वालों में दो–तिहाई हिंदू ही थे, जबकि मुसलमान एक–तिहाई से भी कम थे, तो संघ परिवार को पल्टी मारने में देर नहीं लगी और भाजपा की राज्य सरकार ने सिर्फ एनआरसी को नामंजूर ही नहीं किया बल्कि एनआरसी कराने वाले उच्चाधिकारियों को तरह–तरह के मुकद्दमों में भी फंसा दिया। और इस तरह, यह पूरी कसरत सिर्फ इसलिए जनता के लिए अकारण मुसीबत बनकर रह गयी कि उसके नतीजे, घुसपैठियों के खतरे के संघ परिवारी प्रचार से मेल नहीं खाते थे। काफी हद तक ऐसा ही किस्सा, एसआईआर का रहा है, जिसके पीछे भी श्घुसपैठियों के खतरेश के बेतहाशा अतिरंजित संघ–भाजपायी प्रचार से बनी धारणाएं ही थीं। यह कोई संयोग ही नहीं है कि बिहार से 2025 के जून में जब एसआईआर की प्रक्रिया की शुरूआत हुई थी, तभी से न सिर्फ भाजपा की केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा और संघ कुनबे द्वारा नागरिकता जांच की ओर इशारा करने वाली इस प्रक्रिया की समूची डिजाइन की, विपक्ष की आलोचनाओं के सामने, यह कहकर हिमायत की जा रही थी कि यह मतदाता सूचियों को घुसपैठियों से शुद्ध करने के लिए जरूरी था बल्कि खुद चुनाव आयोग ने भी बाकायदा अपनी विज्ञप्ति में मतदाता सूचियों में श्विदेशी अवैध प्रवासियों के नामों की मौजूदगीश को, इस अभूतपूर्व कसरत का एक प्रमुख कारण बताया गया था। हैरानी की बात नहीं है कि जब बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हुई, मीडिया और विपक्ष के भी बार–बार पूछने के बावजूद, चुनाव आयोग ने इस सरल से सवाल का जवाब देने से इंकार कर दिया कि जिन एक करोड़ से कुछ कम लोगों के नाम इस प्रक्रिया में मतदाता सूचियों से काटे गए थे, उनमें से कितने नाम विदेशी नागरिक होने के आधार पर काटे गए थे! वजह बहुत सरल थी। छरू करोड़ से ज्यादा मतदाताओं में ऐसे लोगों की संख्या 600 भी नहीं थी। उनमें भी नेपाली महिलाओं की संख्या ही ज्यादा थी, जिनका ससुराल बिहार में है। मुसलमानों की संख्या, पांचवां हिस्सा भी नहीं थी, जबकि संघ परिवार के आख्यान में तो श्घुसपैठियाश और मुसलमान समानार्थी ही हैं। यह दिलचस्प है कि उसके बाद से चुनाव आयोग ने तो एसआईआर प्रक्रिया के दौरान एक बार भी यह बताना गवारा नहीं किया है कि इस प्रक्रिया में कितने श्घुसपैठिएश पकड़े गए हैं, लेकिन संघ परिवार के इसी बहाने से मतदाता सूचियों की चुनाव आयोग द्वारा सत्ताधारी पार्टी के अनुकूल काट–छांट की हिमायत करने में, कोई कमी नहीं आयी है। अमित शाह, वोट चोरी के आरोपों के सामने, इसी सिलसिले को आगे बढ़ा रहे थे। यह भी याद रहे कि अमित शाह द्वारा उक्त दावा इसके बावजूद किया जा रहा था कि तब तक, अब भी अधूरी एसआईआर की प्रक्रिया में, 2024 की मतदाता सूचियों में से 13 करोड़ 30 लाख से ज्यादा मतदाताओं के बाहर कर दिए जाने की जानकारी देश के सामने आ चुकी थी। याद रहे कि जिस बांग्लादेश को भारत में घुसपैठ का मुख्य स्रोत माना जाता है, उसकी आबादी कुल पौने अठारह करोड़ है। बहरहाल, एसआईआर के घुसपैठियों के खतरे के संघ परिवारी प्रचार का जोरदार खंडन ही बन जाने का किस्सा इतने पर ही खत्म नहीं हो जाता है। मीडिया में आयी खोजी रिपोर्टों के अनुसार, ऐसे छरू राज्यों में जहां एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो गयी है, 9 करोड़ 96 लाख मतदाताओं में से, कुल 1600 विदेशी पाए गए हैं। इनमें बांग्लादेशी तो छोड़ ही दें, मुसलमानों की भी संख्या उल्लेखनीय नहीं है।

अशांति की जड़ में नौकरियां, भोजन और भविष्य–किधर जा रहा भारत?

मृगांक एम. भौमिक

मौजूदा राजनीतिक अशांति, अगर इसे ऐसा कहा जाए, तो यह युवाओं और मध्यम व निम्न–मध्यम वर्ग के एक बड़े हिस्से के मन में भविष्य को लेकर छाई निराशा को दर्शाती है। भारत में बड़ी संख्या में लोगों, खासकर युवाओं को यह एहसास हो गया है कि उनके कौशल का अर्थव्यवस्था में कोई खास उपयोग नहीं है। दुनिया पहले ही ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दिशा में आगे बढ़ चुकी है, जहां वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन ही मुख्य आधार है। जीडीपी के उत्पादन में मानवीय श्रम धीरे–धीरे अप्रासंगिक होता जा रहा है, क्योंकि यहां का अधिकांश श्रम बल या तो अकुशल है या फिर अर्ध–कुशल। इतनी विशाल आबादी को 2050 तक ले जाना और साथ ही राजनीतिक व सामाजिक एकजुटता बनाए रखना, एक बेहद कठिन चुनौती है। आने वाला समय उतना अच्छा नहीं है, जितना कि सोशल मीडिया रीलों और सरकारी विज्ञापनों में दिखाया जाता है। भारत के सामने एक वास्तविक चुनौती खड़ी हो रही है, चाहे सत्ता में कोई भी पार्टी हो या रहे। पिछले दो दशकों में भारत सहित पूरी दुनिया में वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन बढ़ा है और संपत्ति भी पैदा हुई है, लेकिन अफसोस कि इसका लाभ बड़े पैमाने पर लोगों तक नहीं पहुंचा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि व्यापार और वाणिज्य में मूल्य सृजन के लिए अब इंसानों की जरूरत नहीं रह गई है। आप इसे राजनीतिक रूप से श्बिना नौकरियों वाला विकासश कहकर आलोचना कर सकते हैं, लेकिन असल में यह मानवीय श्रम पर तकनीक का इतना हावी हो जाना है, जिसने यह खालीपन पैदा कर दिया है। सरकार के पास अब कल्याणकारी योजनाओं के जरिए इतनी बड़ी आबादी का पेट भरने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है वरना, एक बड़ा मानवीय संकट खड़ा हो सकता था। अब तक, भारत के लिए यह एक सुनहरा दौर था, जब जीडीपी को बेहतर बनाने के लिए तकनीक के साथ–साथ बड़ी संख्या में श्रम शक्ति (लेबर फोर्स) की जरूरत थी– चाहे वह सॉफ्टवेयर, वित्तीय सेवाएं हों या औद्योगिक उत्पादन। अब नई तकनीक खुद को इस तरह विकसित कर रही है कि वह आर्थिक गतिविधियों में इंसानी भूमिका (जो एक अहम हिस्सा थी) की जगह ले सके, जिससे संतुलन बिगड़ गया है। ऐसे में, ऐसा लगता है कि इंसानी श्रम की–चाहे वह उच्च–मूल्य वाला हो या निम्न–मूल्य वाला–अब कोई खास मांग नहीं रह गई है। हम यह समझने की कोशिश कर सकते हैं कि चीन ने अपनी बढ़ती आबादी के बीच नौकरियों के सृजन और नीतियों को कैसे संभाला। चीन ने पिछले 50 वर्षों में अपने मानव संसाधनों का उपयोग करके और कृषि से लेकर उद्योग तक सही आर्थिक नीतियां लागू करके भारी संपत्ति का निर्माण किया। उनकी सबसे बड़ी सफलता कृषि क्षेत्र के मजदूरों को कम उत्पादकता वाले कामों से निकालकर, अधिक मूल्य पैदा करने वाले औद्योगिक कार्यों में लगाना रहा। लेकिन ऐसा किसी एक नीतिगत फैसले से नहीं हुआ। बल्कि यह चीन द्वारा लिए गए कई रणनीतिक नीतिगत फैसलों का नतीजा था। चीन ने 1978 में कृषि उदारीकरण के साथ अपने बड़े नीतिगत बदलाव की शुरुआत की। इसके बाद, देश ने एक क्रम में ग्रामीण उद्योगों का विकास किया, फिर निर्यात–आधारित विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) की ओर कदम बढ़ाया, निर्यात क्षेत्र (एक्सपोर्ट जोन) बनाए, और अंत में विदेशी निवेश को आकर्षित किया। कृषि क्षेत्र से मुक्त होने वाली श्रम शक्ति को उसी गति से अधिक उत्पादकता वाले, निर्यात–आधारित औद्योगिक कार्यों में खपा लिया गया। भारी पूंजी वाले उद्योगों के बजाय, चीन ने शुरुआत में उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जहां उसकी विशाल श्रम शक्ति एक बड़ा फायदा साबित हो सकती थी। एफडीआई और निर्यात अपने साथ तकनीक, प्रबंधन और चीन के अपने उपभोक्ताओं से कहीं बड़ा बाजार लेकर आए। सस्ते लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और सप्लायर नेटवर्क ने लागत को कम कर दिया, जिससे कारखाने की हर एक नौकरी के साथ–साथ उससे जुड़े अन्य क्षेत्रों में भी कई और नौकरियां पैदा हुईं। अनुकूल आयु संरचना की बदौलत उच्च निवेश और बचत संभव हो पाई, जिसने इस विस्तार के लिए जरूरी फंड मुहैया कराया। श्हुकोउश प्रणाली ने शहरों और नियोक्ताओं के लिए प्रवासियों से जुड़े सामाजिक खर्चों को कम रखा, जिससे इनपुट लागत और भी कम हो गई (हालांकि, प्रवासियों को इसके लिए एक मानवीय कीमत चुकानी पड़ी)। अगर आप इसकी तुलना भारत के सफर से करें, तो आप पाएंगे कि उसी दौर में भारत को आकार देने वाले नीतिगत फैसलों में बहुत बड़ा अंतर था। भारत ने कभी भी भूमि सुधारों और उच्च उत्पादकता वाले कृषि उदारीकरण को पूरी तरह से नहीं अपनाया, और आज भी स्थिति वैसी ही है। भारत में बड़ा नीतिगत बदलाव 1991 में उदारीकरण के साथ ही आया। इस नीति ने औद्योगिक लाइसेंसिंग को खत्म कर दिया और वैश्विक बाजार के लिए व्यापार के दरवाजे खोल दिए। लेकिन जमीन, श्रम और बिजली के क्षेत्रों में सुधार करना मुश्किल बना रहा। इसी सख्ती के कारण, चीन के विपरीत, भारत की औद्योगिक कहानी उस बड़े पैमाने पर आगे नहीं बढ़ पाई। आज भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां उसे एक ऐसी विकास रणनीति की जरूरत है, जो उसकी 140 करोड़ से अधिक की आबादी को उत्पादक रोजगार दे सके। इसे इस सदी की सबसे बड़ी चुनौती कहा जा सकता है। इस चुनौती की जड़ यह है कि आज भी 45–46प्रतिशत आबादी कृषि कार्यों में लगी हुई है। यह क्षेत्र भारत की जीडीपी में 16–18प्रतिशत का योगदान देता है, जो कि वैश्विक जीडीपी के हिसाब से केवल 0.5–0.6प्रतिशत है। अब समय आ गया है कि कृषि में प्रति व्यक्ति उत्पादकता बढ़ाने के लिए हाई–टेक कृषि उत्पादन और खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) को मजबूती दी जाए। एआई, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन के इस दौर में, देश को अपने श्रम संसाधनों को बचाने के लिए कपड़ों, जूतों और इलेक्ट्रॉनिक असेंबली जैसे श्रम–प्रधान विनिर्माण क्षेत्रों में कदम रखना चाहिए।

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने डॉ. स्वतंत्रता मिश्रा को महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मेजा, प्रयागराज मेजा के क्षेत्रवासियों लिए गर्व का क्षण है। बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने जिले की प्रतिष्ठित शिक्षाविद, कुशल प्रशासक और समाजसेविका डॉक्टर श्रीमती स्वतंत्रता मिश्रा को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी देते हुए भाजपा महिला मोर्चा, प्रयागराज यमुनापार की जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। डॉ. स्वतंत्रता मिश्रा वर्तमान में मेजा के प्रतिष्ठित दुर्गावती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व वह जिला सहकारी बैंक, प्रयागराज की निदेशक के रूप में भी अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे चुकी हैं। शिक्षा, सहकारिता और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों और भाजपा संगठन के प्रति उनकी निरंतर सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही पूरे मेजा विधानसभा क्षेत्र सहित प्रयागराज में हर्ष का माहौल बना हुआ है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके आवास व कार्यालय पहुंचकर बुके, फूल–मालाओं के साथ बधाई देने में लगे हुए हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि डॉ. मिश्रा जैसी अनुभवी और जमीन से जुड़ी नेत्री के आने से महिला मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी। 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले यह नियुक्ति संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अपनी नियुक्ति पर डॉ. स्वतंत्रता मिश्रा ने प्रदेश नेतृत्व, जिलाध्यक्ष और महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ष्पार्टी ने जो विश्वास और जिम्मेदारी मुझे दी है, मैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगी। मेरा लक्ष्य महिलाओं को भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ना और मोदी–योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गांव–गांव तक की महिलाओं तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि वह महिला सशक्तिकरण बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ और महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन के लिए निरंतर कार्य करती रहेंगी।



इस समय भाजपा भी कह रही है कि लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ,लेकिन किससे

प्रातःकाल एक्सप्रेस

खीरी।आम नागरिक यह सोचकर परेशान होने लगी है कि जब लोकतंत्र के रक्षक ही लोकतंत्र बचाओ की बात करने लगे, तो फिर लोकतंत्र की रक्षा कौन करेगा?जब पुलिस, प्रशासन, एजेंसियां, सरकार सब भाजपा के हाथ में है, तो अराजकता फैला कौन रहा है? जनता सवाल पूछ रही है अपने देश के केंद्र और कई राज्यों में भाजपा की सरकार है, उत्तर प्रदेश समेत ज्यादातर राज्यों में भाजपा की सरकार है, राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री तक भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोग हैं। इसके बाद भी अगर भाजपा कार्यकर्त्ता भी अपने मंचों से ही लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के नारे लगाने लगे, तो सवाल और गंभीर हो जाता है। बीते दिनों कौशांबी समेत कई जगहों के भाजपा कार्यालय में हुई बैठकों और बयानों को देखें तो साफ है कि यह नारा अब विपक्ष का नहीं, सत्ता पक्ष के अंदर से ही उठ रहा है। भाजपा के नेता खुद बैठकें कर रहे हैं, मीटिंग कर रहे हैं कि लोकतंत्र को कैसे बचाना है और अराजकता को कैसे हटाना है। अब जनता का सीधा सवाल खड़ा है अराजकता किससे है? जब पुलिस, प्रशासन, एजेंसियां, सरकार सब भाजपा के हाथ में है, तो अराजकता फैला कौन रहा है? जनता सवाल पूछ रही है कि आखिर जब देश की सत्ता में भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है तो फिर लोकतंत्र किससे बचाना है? लोकतंत्र की कमान के मुखिया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। संविधान के रक्षक के तौर पर सारी जिम्मेदारी उन्हीं की है। तो क्या लोकतंत्र को उन्हीं से बचाने की बात हो रही है? जनता ने सवाल उठाया है कि क्या भाजपा के अंदर ही डर है? जिस तरह से भाजपा के नेता ही लोकतंत्र बचाने की बात कर रहे हैं, उससे लगता है कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भाजपा नेताओं को भी खतरा महसूस होने लगा है? यह आम जनता के लिए चिंतन और मनन करने की बात है। जनता पूछ रही है कि जब प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए नरेंद्र मोदी लोकतंत्र नहीं बचा पा रहे हैं, जैसा कि उनकी ही पार्टी के नेता कह रहे हैं, तो क्या प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद लोकतंत्र बचेगा ? राजनीति जानकारों का मानना है कि यह बयानबाजी दो चीजों की ओर इशारा करती है। पहला, सत्ता के अंदर असंतोष। जब सब कुछ नियंत्रण में होने के बावजूद अराजकताष शब्द का इस्तेमाल सत्ताधारी दल करे, तो इसका मतलब है कि नियंत्रण सरकार के हाथ से निकल रहा है या सरकार अपनी ही विफलता को छिपाने के लिए एक काल्पनिक दुश्मन खड़ा कर रही है। दूसरा, लोकतंत्र का यह संकट जनता ने नहीं, सत्ता ने पैदा किया है। विपक्ष तो सालों से यही कह रहा था लेकिन जब यही बात सत्ताधारी दल के मुंह से निकले तो इसकी विश्वसनीयता बढ़ जाती है। ऐसे स्थिति में आम जनता असमंजस में पड़ी है।

सभासद शोएब ने वार्डवासियों में बांटी दीपावली की खुशियां

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लालगोपालगंज। त्योहारों का असली आनंद अपनों के साथ खुशियां बांटने में ही निहित है। इसी सकारात्मक सोच को चरितार्थ करते हुए वार्ड संख्या पांच के लोकप्रिय सभासद मोहम्मद शोएब ने दीपावली के पावन पर्व पर अनूठी पहल की है। उन्होंने बुधवार को कस्बा के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर आम नागरिकों को दीपावली की मिठाई वितरित कर पर्व की बधाई दिया। मोहम्मद शोएब ने कस्बा के जहानाबाद, बलऊ का पूरा और चौनी का पूरा मोहल्ले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने घर–घर जाकर ग्रामीणों व आम नागरिकों से मुलाकात कर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। सभासद के हाथों मिठाई पाकर वार्डवासियों के चेहरे खिल उठे। लोगों ने इस स्नेहपूर्ण पहल की सराहना करते हुए कहा कि एक जन प्रतिनिधि का इस तरह सीधे जनता से जुड़ना एवं पर्व की खुशियां उनके दरवाजे तक पहुंचाना आपसी भाईचारे और सौहार्द की एक बेहतरीन मिसाल है। इस मौके पर उनके कई समर्थक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस नेक कार्य में पूरा सहयोग दिया। सभासद की इस पहल से पूरे क्षेत्र में दीपावली का उत्साह और अधिक बढ़ गया।

ग्रामीण बैंक की सिरसा शाखा बनी उत्पीड़न का केंद्र

मैनेजर की तानाशाही से किसान, व्यापारी और महिलाएं त्रस्त

केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लग रहा पलीता, जनता में भारी उबाल

बुजुर्गों और किसानों के बाद अब व्यापारियों और महिलाओं के साथ भी अभद्रता का आरोप, सामूहिक शिकायत की तैयारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मेजा प्रयागराज। सिरसा उत्तर प्रदेश सरकार भले ही बैंकिंग सेवाओं को आम जनता, ग्रामीणों और व्यापारियों के दरवाजे तक पहुंचाने का दावा कर रही हो, लेकिन उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की सिरसा शाखा के अधिकारियों का रवैया इन दावों की धज्जियां उड़ा रहा है। सिरसा शाखा में तैनात वर्तमान बैंक प्रबंधक (मैनेजर) की कार्यशैली और उपभोक्ताओं के प्रति उनके उद्दंड व अड़ियल व्यवहार के कारण क्षेत्र के हजारों खाताधारक बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों, स्थानीय व्यापारियों और विशेषकर महिला खाताधारकों का आरोप है कि बैंक अब जनसेवा का माध्यम न रहकर आम जनता के मानसिक उत्पीड़न का केंद्र बन चुका है। काम के बदले चक्कर और बदसलूकी क्षेत्र के किसानों, मजदूरों, बुजुर्ग पेंशनभोगियों और स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि बैंक मैनेजर का व्यवहार अत्यंत तानाशाही पूर्ण है। वृद्धावस्था पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड (KCC), महिला स्वयं सहायता समूह (SHG) के लोन, व्यापारिक लोन या खाते से सामान्य लेन–देन जैसे जरूरी कामों के लिए भी उपभोक्ताओं को हफ्तों तक दौड़ाया जाता है। आरोप है कि जब कोई ग्रामीण, सीधा–साधा किसान, व्यापारी या महिला अपने काम की स्थिति जानने के लिए मैनेजर के केबिन में जाते हैं, तो उनके साथ सीधे मुंह बात नहीं की जाती और अत्यंत अभद्र व अपमानजनक भाषा का प्रयोग कर बाहर निकाल दिया जाता है। महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों के साथ दुर्व्यवहार शाखा में आने वाली महिला खाताधारकों और महिला स्वयं सहायता समूहों (मसभ्मसच ळतवनचे) से जुड़ी महिलाओं ने आरोप लगाया कि बैंक मैनेजर का व्यवहार महिलाओं के प्रति अत्यंत असंवेदनशील और अपमानजनक है। सरकार द्वारा महिलाओं के स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन में मैनेजर द्वारा जानबूझकर अड़ंगे लगाए जाते हैं। घूंघट और ग्रामीण परिवेश से आने वाली सीधी–सादी महिलाओं को जरूरी कागजी काम के बहाने घंटों लाइन में खड़ा रखा जाता है और पूछने पर डांटकर भगा दिया जाता है। व्यापारियों में भारी आक्रोश, ठप हो रहा व्यापार बैंक मैनेजर के इस अड़ियल रवैये से स्थानीय व्यापारियों में भी भारी आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों का कहना है कि रोजमर्रा के बैंकिंग कामकाज, कैश जमा करने, और लिमिट/लोन से जुड़े मामलों में मैनेजर द्वारा अनावश्यक रुकावटें पैदा की जाती हैं। समय



पर वित्तीय लेन–देन न होने के कारण स्थानीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि बैंक प्रबंधन का यही रवैया रहा तो वे बैंक का सामूहिक बहिष्कार करने पर मजबूर होंगे। सरकार की योजनाओं पर फिर रहा पानी स्थानीय समाजसेवियों और प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि डिजिटल इंडिया और ग्रामीण विकास के इस दौर में बैंक मैनेजर का यह रवैया सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को बदनाम कर रहा है। समय पर लोन या आर्थिक मदद न मिलने के कारण कई गरीब परिवारों के जरूरी काम रुके हुए हैं। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं, व्यापारियों और वरिष्ठ नागरिकों को उठानी पड़ रही है, विपरीत मौसम में भी बैंक के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ता है। मैनेजर की इस उद्दंडता और विभागीय शिथिलता को लेकर अब सिरसा क्षेत्र की जनता, महिला संगठनों और व्यापारी समाज का धैर्य जवाब दे रहा है। आक्रोशित खाताधारकों, किसान, ग्रामीणों, महिलाओं और व्यापारियों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक (त्महपवदंस डंदंहमत) और उच्च प्रबंधन ने इस मामले का तुरंत संज्ञान नहीं लिया और आरोपी मैनेजर के खिलाफ तत्काल दंडात्मक या स्थानांतरण (ज्तंदेमित) की कार्रवाई नहीं की, तो किसान व ग्रामीण और व्यापारी बैंक मुख्यालय पर तालाबंदी और उग्र प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे। साथ ही, उपभोक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल इस पूरे मामले की लिखित शिकायत साक्ष्यों के साथ सीधे भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के बैंकिंग लोकपाल को भेजने की तैयारी कर रहा है।

अपना दल कमेरावादी के सहयोग से बनेगी सूबे में सरकार : डॉ पल्लवी पटेल

वंचितों की भागीदारी के साथ सत्ता परिवर्तन कर व्यवस्था बदलना है कमेरावदियों का लक्ष्य : कृष्णा पटेल

स्थापना दिवस समारोह की जनसभा में भीड़ जुटाकर दिखाई ताकत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। अपना दल (कमेरावादी) की ओर से बुधवार को अपोलीबाग स्थित पटेल संस्थान के मैदान में पार्टी का 32 वां स्थापना दिवस पर विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पटेल का जिलाध्यक्ष रमेश पटेल एडवोकेट, प्रेमचंद्र पटेल और अभय राज ने शाल और बुके देकर स्वागत किया। महिला जिलाध्यक्ष कु. अंतिमा, दुर्गेश देवी और रेशमा बिंद ने स्वागत किया।जनसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पटेल ने कहा कि वंचितों की भागीदारी के साथ सत्ता परिवर्तन करना है। कमेरा समाज के अधिकारों की रक्षा के



लिए सरकार बदलकर व्यवस्था परिवर्तन के संघर्ष को आगे बढ़ाना है। जिससे सभी को बिना किसी भेदभाव के समान अवसर प्रदान किया जाए और वंचित कमेरा समाज को हिस्सेदारी मिल सके।

सिराथू की विधायक डॉ पल्लवी पटेल ने कहा कि अपना दल कमेरावादी ने पूरे प्रदेश में मुद्दा आधारित आंदोलन व संघर्ष करते हुए जनता के जायज सवालों को पटल पर लाया है, शिक्षा स्वास्थ्य एवं रोजगार के सवाल पर व्यापक जन अभियान चलाया गया है। पार्टी के प्रति सूबे की जनता की आकांक्षाएं बढ़ी है। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में मजबूत संगठन का निर्माण करते हुए सत्ता के खिलाफ लड़ाई जारी है, अब समय आ गया है कि मजबूत विपक्षी एकता बनाते हुए वर्तमान डबल इंजन की भाजपा सरकार को हटाया जाये, इसमें अपना दल कमेरावादी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। 2027 विधानसभा चुनाव के बाद अपना दल कमेरावादी के सहयोग से अगली सरकार का गठन होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी एल पटेल और संचालन प्रदेश महासचिव गगन प्रकाश यादव ने किया। स्थापना दिवस समारोह को अपना दल कमेरावादी के राष्ट्रीय महासचिव मो हफीज मोबिन, प्रो गंगाराम यादव, आनंद हीराराम, उदल राजभर, साधना साहू, अजय पटेल, दिलीप पटेल एडवोकेट, रामशिला पटेल, आनंद श्रीवास्तव, राजेश प्रधान, मो अबरार, राय अखिलेश सिंह, कुंवर अभिजय पटेल, महेंद्र प्रताप मौर्य, मयंक पटेल, कुलदीप पटेल आदि लोगों ने संबोधित किया।

घर बैठे बनेगा रेल पेंशनरों का जीवन प्रमाण पत्र, प्रयागराज मंडल में एक दिन में बने 526 DLC

मेगा कैंप में 160 पेंशनरों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, आधार से लेकर बैंकिंग और चिकित्सा सुविधाओं तक का मिला लाभ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। रेल पेंशनरों को अब जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए बैंक और रेलवे कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। आधार आधारित फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए वे अपने स्मार्टफोन से घर बैठे ही डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवा सकेंगे। इसी सुविधा को पेंशनरों तक पहुंचाने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में राष्ट्रीय डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (क्स्ब्) अभियान 5.0 के तहत बुधवार को मंडल कार्यालय के सभागार में मेगा कैंप लगाया गया। शिविर में 404 पेंशनरों के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाए गए, जबकि पूरे मंडल में यह संख्या 526 रही। वहीं, 160 पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया।

मेगा कैंप का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव ध्रुबज्योति सेन गुप्ता और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में पेंशनरों को एक ही छत के नीचे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र, आधार, बैंकिंग, मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS), यूनिक मेडिकल आइडेंटिटी कार्ड (UMID) और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने कहा



कि डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा से बुजुर्ग और दिव्यांग पेंशनरों को बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए बैंक अथवा संबंधित कार्यालय जाने की जरूरत नहीं होगी। आधार आधारित बायोमेट्रिक और फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से घर बैठे ही यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

पिछले साल भी प्रयागराज मंडल रहा था अव्वल

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी वैभव गुप्ता ने बताया कि पिछले वर्ष क्स्ब् अभियान 4.0 के दौरान प्रयागराज मंडल कार्यालय में आयोजित मेगा कैंप में 525 डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाए गए थे। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के सभी मंडलों में सर्वाधिक थी। इस वर्ष भी अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग पेंशनरों को विशेष प्राथमिकता देते हुए रेलकर्मी उनके घर पहुंचकर जीवन प्रमाण पत्र बना रहे हैं। अब तक 105 पेंशनरों को घर पर यह सुविधा दी जा चुकी है।

देशभर में एक लाख शिविर लगाने का लक्ष्य

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव ध्रुबज्योति सेन गुप्ता ने कहा कि डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की व्यवस्था से पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाण प्रस्तुत करना आसान और सुरक्षित हुआ है। पिछले वर्ष देशभर में 75 हजार से अधिक शिविर आयोजित किए गए थे। इस वर्ष इनकी संख्या बढ़ाकर एक लाख करने का लक्ष्य रखा गया है।

UIDAI के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय के निदेशक आकाश दीप ने आधार फेस ऑथेंटिकेशन की उपयोगिता बताते हुए कहा कि पेंशनर अपने स्मार्टफोन के माध्यम से घर बैठे जीवन प्रमाण पत्र तैयार कर सकते हैं। इससे बुजुर्गों, दिव्यांगों और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले पेंशनरों को विशेष सुविधा मिलेगी। उन्होंने पांच और 15 वर्ष की आयु पूरी करने वाले बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराने की अपील भी की। बताया कि पांच से 17 वर्ष तक के बच्चों के लिए यह सुविधा 30 सितंबर 2027 तक निःशुल्क है।

प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी मुदित चंद्रा ने कहा कि रेलवे का प्रयास है कि किसी भी पेंशनर को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में परेशानी न हो। डिजिटल व्यवस्था से यह प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक बनेगी।

मेगा कैंप में रेलवे, डाकघर, आधार और विभिन्न बैंकों के स्टॉल लगाए गए थे। यहां पेंशनरों को प्रमाण पत्र बनाने के साथ ही बैंकिंग और अन्य तकनीकी समस्याओं के समाधान में मदद दी गई। मंडल चिकित्सालय की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराया।

इस अवसर पर प्रधान वित्तीय सलाहकार हमीम अहमद, मुख्य कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी वैभव गुप्ता सहित रेलवे और विभिन्न बैंकों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में रेल पेंशनर मौजूद रहे।

गौरतलब है कि क्स्ब् अभियान 5.0 के तहत एक से 30 नवंबर तक प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्टेशनों और कार्यालयों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा से जोड़ना है।

भाजपा अनुसूचित मोर्चा के उपाध्यक्ष बने राकेश पासी, दी बधाई



प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। भाजपा महानगर अनुसूचित मोर्चा के नवनियुक्त उपाध्यक्ष राकेश कुमार पासी बनाये गये है। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने आज महानगर कार्यालय में नवनियुक्त उपाध्यक्ष राकेश कुमार पासी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए जो दायित्व सौपा गया है उसको पूरा करते हुए पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों पर चलूगा और संगठन को मजबूती प्रदान करूंगा । भुलई का पूरा, सलोरी निवासी राकेश कुमार पासी 32 वर्षो से भाजपा से जुडे हुए है। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि नवनियुक्त उपाध्यक्ष राकेश कुमार जैसे कार्यकर्त्ता और पदाधिकारियों की वजह से पार्टी का जनाधार आम लोगों में तेजी से बढता जा रहा है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा, मोदी जी, डा शैलेश कुमार, पंकज कुमार, तेज बहादुर, रवि, दीपक, कौशल, सुरेश, विनोद सहित अन्य लोगों ने भाजपा महानगर अनुसूचित मोर्चा के नवनियुक्त उपाध्यक्ष राकेश कुमार पासी को बधाई दी है।

शिक्षा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व का होता है विकास : न्यायमूर्ति वीके नारायन

उत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का है संगम

गुरुकुल मॉन्टेसरी स्कूल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव

'उत्सव–2026' का शुभारंभ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शान्तिपुरम स्थित गुरुकुल मॉन्टेसरी स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक समारोह 'उत्सवदृ2026' का शुभारंभ आज बड़े हर्षोल्लास और भव्यता के साथ किया गया । इस वर्ष समारोह की थीम 'उत्सव दृ जहाँ सीखना बन जाता है एक उत्सव' रखी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति (रिटायर्ड) वीके नारायन (चेयरपर्सन उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग) ने श्री गणेश व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे–मुन्ने विद्यार्थी गीत, संगीत, नृत्य, नाट्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

तीसरे दिन भी काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने किया शिक्षण कार्य, 5 नवंबर को डीएम को सौंपेंगे ज्ञापन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। पुरानी पेंशन बहाली, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष किए जाने, चिकित्सकीय अवकाश समेत शिक्षकों की 30 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर फुपुक्टा के आह्वान पर प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी क्रम में बुधवार को कुलभास्कर आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, प्रयागराज के शिक्षकों ने लगातार तीसरे दिन काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। शिक्षकों ने अपने शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए लंबित मांगों की अनदेखी के विरोध में आवाज बुलंद की। शिक्षकों ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, चिकित्सकीय अवकाश, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, फीडर कैडर, स्थानांतरण प्रक्रिया का सरलीकरण, जीपीएफ भुगतान, नोशनल इंक्रीमेंट तथा अनुदानित एवं अंशकालिक शिक्षकों की सेवा शर्तों में सुधार जैसी महत्वपूर्ण मांगें लंबे समय से लंबित हैं। सरकार द्वारा इन पर निर्णय नहीं लिए जाने से शिक्षकों में रोष व्याप्त है। इस अवसर पर प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. पवन कुमार पचौरी ने कहा कि शिक्षक हितों से जुड़ी मांगों के प्रति सरकार का रवैया निराशाजनक है। लंबे समय से मांगों की अनदेखी किया जाना उचित नहीं है।



एसोसिएशन के महामंत्री प्रो. बिपिन कुमार ने कहा कि यदि सरकार शीघ्र शिक्षक प्रतिनिधियों से वार्ता नहीं करती है तो शिक्षक प्रदेशव्यापी व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वहीं, महाविद्यालय शिक्षक संघ इकाई के महामंत्री प्रो. प्रमोद यादव ने कहा कि शिक्षकों की मांगों की अनदेखी से उपजी नाराजगी आगामी चुनाव में सरकार पर भारी पड़ सकती है। प्रो. आभा त्रिपाठी ने सरकार से शिक्षकों की मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर उनके शीघ्र समाधान की मांग की।

उल्लेखनीय है कि फुपुक्टा के आह्वान पर प्रदेश के सभी अनुदानित महाविद्यालयों में 2 से 4 नवंबर तक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। आंदोलन के अगले चरण में 5 नवंबर को शिक्षक संघ की ओर से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। विरोध प्रदर्शन में प्रो. सूर्य नारायण, प्रो. वी.एन. पांडेय, इं. आर.पी. सिंह, प्रो. आभा त्रिपाठी, प्रो. शशिकांत त्रिपाठी, प्रो. मनीष श्रीवास्तव, प्रो. अनुराग त्रिपाठी, डॉ. सेवक राम, डॉ. मनोज सिंह, डॉ. ध्यानेश शुक्ला, प्रो. अखिलेश त्रिपाठी, डॉ. सुशांत श्रीवास्तव, डॉ. एस.पी. यादव, डॉ. प्रेमचंद्र, डॉ. देवेंद्र प्रसाद, डॉ. मनीष कुमार एवं डॉ. हुजैफा सगीर सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे।

एक दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का किया गया आयोजन

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। बुधवार को उप निदेशक कृषि अश्वनी कुमार सिंह के निर्देशन में एक दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सवध मेला कार्यक्रम का आयोजन कृषि भवन प्रतापगढ़ में किया गया. कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ श्री ओमकार राणा




पीईएस के आदेशानुसार प्रधानाचार्य राजकीय उमावि सराय आनादेव प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह व उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ डॉ अनीस के संयोजन में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया,जिसमें राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ की छात्राएं उमर जमील व अन्य के साथ के संयोजन में, बीएसएस एकेडमी प्रतापगढ़ की छात्राएं प्रबंधक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन व उप प्रधानाचार्य धर्म राज मौर्य, संगीत शिक्षक प्रीतम राज बनौधा के संयोजन में, आत्रेय एकेडमी प्रतापगढ़ की छात्राएं प्रबंधक संदीप श्रीवास्तव के निर्देशन व गाइड शिक्षकों सपना मिश्रा और श्रेय के संयोजन में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. छात्राओं की प्रस्तुति को उप निदेशक कृषि अश्वनी कुमार सिंह द्वारा प्रशंसा किया गया तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग विभाग सराहनीय योगदान के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ ओमकार राणा पीईएस के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

आवागमन एवं जलनिकास की समस्या लेकर महिलाएं पहुंची थाना

प्रातः काल एक्सप्रेस

संग्राम गढ़। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत डंडिया मजरे खनवारी ग्राम पंचायत में वर्षों पुरानी नाली और सार्वजनिक रास्ते को अवैध रूप से गांव के एक ब्यकित द्वारा बंद कर लिया गया है। संगीता देवी पत्नी विमल कुमार सरोज ने बताया कि दिनांक 4 नवंबर 2026 को गांव के ही कुछ लोग ने मिलकर गांव के पानी की निकासी को पूरी तरह से बंद कर दिया। जबकि नाली लगभग 50 वर्ष पुरानी है, गांव के पानी की निकासी का मुख्य जल निकासी इसी नाली से होती है नाली बंद होने के साथ–साथ ग्रामीणों के आने–जाने का मुख्य रास्ता भी बाधित कर दिया गया है। महिलाओं का कहना है कि रास्ता बंद होने से अब खेतों तक ट्रैक्टर या अन्य वाहन नहीं जा पा रहे हैं। कृषि कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है। पीड़ित गीता देवी, गायत्री देवी, श्वेता देवी, रवि ने प्रशासन से नाली पर से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।



गोविंदपुर बनेगा मॉडल जैविक ग्राम, खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को किया जागरूक

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशांबी। खेतों की उर्वरता बनाए रखने और जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकास खंड नेवादा के ग्राम गोविंदपुर में कृषि विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



गांव को मॉडल जैविक ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने कहा कि जैविक खेती से मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर होता है और पोषक तत्वों से भरपूर अनाज पैदा होता है। उन्होंने बीडीओ को पात्र किसानों की सूची बनाकर वर्मी कम्पोस्ट पिट निर्माण शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। मृदा वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उर्वरक उपयोग, पराली प्रबंधन, मल्चिंग और ढैंचा जैसी हरी खाद के महत्व पर जानकारी दी। इफको प्रतिनिधि आशीष पटेल ने वेस्ट डीकंपोजर और नैनो उर्वरकों के बारे में बताया। प्रगतिशील किसान उदय सिंह ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक सतेन्द्र तिवारी, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीके सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने 200 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड और 35 गायों के प्रमाण पत्र वितरित किए।

शिक्षक व उसके भाई के साथ मारपीट के आरोप में चार के विरुद्ध केस दर्ज

प्रातः काल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव से स्कूल से घर जा रहे शिक्षक व उसके भाई के साथ कुछ लोग मिलकर मारपीट कर धमकी देने लगे, पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद निवासी फैसल रजा पुत्र मो जावेद ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका भाई अहमद रजा स्कूल से घर जा रहा था, इस दौरान रास्ते में कुछ लड़के छींटाकसी करते हुए मारपीट करने लगे, बीच बचाव के दौरान उसके साथ भी मारपीट कर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित की शिकायत पर कड़ा धाम पुलिस ने फरीदागंज प्रदीप, अतुल, आकाश एवं एक अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

दीपावली को लेकर प्रशासन अलर्ट, पटाखा दुकानों की सुरक्षा जांच के निर्देश

डीएम निधि गुप्ता वत्स ने तीनों तहसीलों के एसडीएम के साथ की ऑनलाइन बैठक

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। दीपावली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने तीनों तहसीलों के उपजिलाधिकारियों के साथ जूम के माध्यम से बैठक कर पटाखा दुकानों की स्थापना, सुरक्षा मानकों और अग्निशमन व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी बिना निर्धारित मानकों को पूरा किए पटाखों की दुकान संचालित न होने पाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम मुख्य अग्निशमन अधिकारी से समन्वय स्थापित कर फायर विभाग के चालकों और परिचालकों के नाम व मोबाइल नंबर अपने पास सुरक्षित रखें, ताकि किसी आपात स्थिति में तत्काल संपर्क किया जा सके। नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों से उनके क्षेत्र में स्थापित होने वाली पटाखा दुकानों की सूची प्राप्त कर सभी दुकानों का



निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में स्थापित अग्निशमन हाइड्रेंट की स्थिति की जांच कर उन्हें क्रियाशील रखा जाए। पटाखा दुकानों के आसपास किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा एवं अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीएम ने सभी एसडीएम को पटाखा बिक्री के लिए चिह्नित स्थलों पर लेखपाल और कानूनगो की विशेष ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही नियमित रूप से दुकानों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच करने को कहा। उन्होंने एसडीएम को संबंधित क्षेत्राधिकारी के साथ अपने–अपने तहसील क्षेत्रों में पैदल गश्त (फुट पेट्रोलिंग) करने और कानून–व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने पटाखा कारोबारियों से अपील की कि वे दुकानें निर्धारित मानकों के अनुरूप ही लगाएं। दुकानों में किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ का प्रयोग न करें और सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पूरी तरह पालन करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराना है, ताकि जनपदवासी दीपावली का पर्व सुरक्षित वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मना सकें।

शिक्षिका रानी विश्वकर्मा हत्याकांड पर सपा नेताओं ने जताया दुख, सरकार पर साधा निशाना

प्रातः काल एक्सप्रेस

लखनऊ । गोरखपुर जिले के चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र के झंगहा थाना अंतर्गत खुरूहुरी (बोहाबार) गांव निवासी शिक्षिका रानी विश्वकर्मा की हत्या को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने दुख जताया है। सपा नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। सपा नेता एवं पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा, बृजेश गौतम, डीपी यादव, मुन्नी लाल यादव, मंतोष यादव, दूधनाथ केवट और जितेंद्र यादव ने परिवार से मिलकर घटना पर शोक व्यक्त किया। इस दौरान डीपी यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में बहन–बेटियों की सुरक्षा को लेकर सरकार के



दावे खोखले साबित हो रहे हैं। 31 अक्टूबर को रानी की हत्या के बाद जिस तरह आरोपी उसके शव को लेकर दिनभर घूमते रहे, उससे अपराधियों में कानून का भय न होने की स्थिति सामने आती है। उन्होंने कहा कि 27 वर्षीय शिक्षिका की हत्या बेहद दुखद और हृदयविदारक घटना है। पीड़ित परिवार की मांग थी कि उन्हें एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, सुरक्षा और आरोपियों को कड़ी सजा दी जाए। साथ ही आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने और हत्यारोपी स्कूल प्रबंधक के स्कूल को सील करने की मांग भी रखी गई। सपा नेताओं ने कहा कि पार्टी दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। प्रशासन की ओर से मांगों पर लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए।

अंबापुर-हथगांव मार्ग पर जानलेवा बना संकरा मोड़, पिकअप पुलिया से पलटी

रजाबाद के पास आए दिन हो रहे हादसे, कुछ दिन पहले स्कॉर्पियो भी गिरी थी

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। जिले के अंबापुर–हथगांव मार्ग पर रजाबाद गांव के पास संकरी और जर्जर पुलिया वाहन चालकों के लिए खतरा बनी हुई है। बुधवार सुबह मुर्गियों से लदी एक पिकअप अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक पुलिया की चौड़ाई काफी कम है और दोनों ओर सुरक्षा रेलिंग भी नहीं है। इसके पास बना अंधा मोड़ तथा सड़क किनारे खड़े पेड़ और झाड़ियां सामने से आने वाले वाहनों को देखने में बाधा पैदा करते हैं। ऐसे में वाहन चालकों को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले एक स्कॉर्पियो भी इसी पुलिया से नीचे गिर गई थी। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए। पुलिया इतनी संकरी है कि दो वाहन एक साथ आसानी से नहीं निकल पाते। रात के समय यहां दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से पुलिया का चौड़ीकरण कराने के साथ दोनों ओर मजबूत रेलिंग, चेतावनी संकेतक बोर्ड और अन्य सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते सुधार नहीं कराया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



सकिपा अध्यक्ष अजय सोनी ने किया धान क्रय केंद्र का शुभारंभ, किसानों को मिलेगा पूरा दाम

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सोनी ने सिराथू ब्लॉक के उदहिन क्षेत्र के ग्राम जगन्नाथपुर में नए धान क्रय केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर मौजूद किसानों ने अजय सोनी जिंदाबाद के नारे लगाकर खुशी जताई। इससे पहले केंद्र प्रभारी हारून अहमद और किसानों ने अजय सोनी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। हारून अहमद ने बताया कि सिराथू के दक्षिणी सीमावर्ती गांवों के किसानों के हित में अजय सोनी के लंबे संघर्ष के बाद जिला प्रशासन ने यहां केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। शासन द्वारा तय मूल्य पर धान की खरीद होगी और 24 घंटे में भुगतान किसानों के खाते में भेजा जाएगा।ध अजय सोनी ने कहा कि केंद्र खुलने से किसानों को अपनी उपज का पूरा दाम मिलेगा और बिचौलियों से आर्थिक नुकसान से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसान हित उनके लिए सर्वोपरि है। इस दौरान मंझा प्रधान, राकेश गौतम, गजराज लोधी, जमील अहमद सहित कई किसान मौजूद रहे।



अब स्मार्ट होगी बच्चों की पढ़ाई, शिक्षक बनाएंगे तकनीक को अपना साथी

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। बच्चों की पढ़ाई को बोझ नहीं बल्कि रुचिकर बनाने के लिए अब शिक्षक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लेंगे। इसी उद्देश्य से डायट मंझनपुर में एआई विषयक



तीन दिवसीय प्रशिक्षण के सातवें बैच का समापन बुधवार को हुआ। प्रशिक्षण में शिक्षकों को बताया गया कि तकनीक का सही उपयोग शिक्षण को संवादात्मक, सरल और प्रभावशाली बना सकता है। बच्चों की अलग–अलग सीखने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए डिजिटल माध्यमों से पाठ्य सामग्री तैयार करने और अधिगम स्तर के आकलन पर चर्चा हुई। विभिन्न सत्रों में प्ज्ञ की भूमिका, डिजिटल साक्षरता, साइबर नैतिकता, फेक न्यूज की पहचान, ।ै के शैक्षणिक उपयोग और डेटा सुरक्षा की जानकारी दी गई। संदर्भदाता वंदना सिंह, देवेश कुमार यादव, नरेंद्र कुमार, शबनम सिद्दीकी सहित अन्य ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षकों ने कहा कि ।ै शिक्षक का विकल्प नहीं बल्कि कार्यक्षमता बढ़ाने वाला सहयोगी है। समापन पर वरिष्ठ प्रवक्ता अनूप कुमार ने प्रमाणपत्र वितरित किए और कहा कि तकनीकी दक्षता का लाभ बच्चों की पढ़ाई को गुणवत्तापूर्ण बनाने में करना चाहिए।

कालपी बार अध्यक्ष की हत्या से अधिवक्ताओं में आक्रोश, एक करोड़ मुआवजे की मांग

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। जालौन की कालपी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गयादीन अहिरवार की हत्या के विरोध में फतेहपुर के अधिवक्ताओं में आक्रोश है। बुधवार को जिला बार एसोसिएशन और मॉडल बार



एसोसिएशन खागा ने अलग–अलग ज्ञापन सौंपकर जल्द खुलासे की मांग की। जिला बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को और मॉडल बार एसोसिएशन खागा ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि 31 अक्टूबर को अध्यक्ष का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। इस घटना से अधिवक्ता समाज आहत है। अधिवक्ताओं ने हत्याकांड का शीघ्र पर्दाफाश कर कठोर कार्रवाई, मामले की त्वरित सुनवाई, मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। साथ ही प्रदेश में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग उठाई। ज्ञापन देने में जिला बार अध्यक्ष बाबू सिंह यादव, महामंत्री अनुराग नारायण मिश्र, राजेंद्र सिंह, मलखान सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

एसपी ने पुलिस कार्यालय में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने एक–एक कर



शिकायतकर्ताओं की बात सुनी और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनकी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण की प्रभावी निगरानी करने के भी निर्देश दिए, ताकि पीड़ितों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े।

दहेज हत्या में पति समेत तीन को आजीवन कारावास

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। दहेज हत्या के मामले में अदालत ने पति समेत तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी–2 अजय सिंह प्रथम ने



सजा के साथ अर्थदंड भी लगाया। अभियोजन के अनुसार असोथर के हरनवा गांव निवासी रामसहाय की पुत्री आराधना देवी की शादी 8 मई 2021 को भोगलपुर निवासी निरंजन पाल से हुई थी। आरोप था कि अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये और सोने की जंजीर की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। 1 अप्रैल 2022 को उसकी संदिग्ध मौत हो गई। सुनवाई के बाद अदालत ने पति निरंजन पाल, ससुर रामप्रताप और सास सुधा रानी को दोषी ठहराते हुए 304बी में आजीवन कारावास, 498ए में कारावास व 15–15 हजार जुर्माना और दहेज प्रतिषेध अधिनियम में एक–एक साल की सजा सुनाई।

भदोही में पत्रकार के खाते से साइबर ठगों ने उड़ाए 92 हजार रुपये

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। थाना सुरियावां क्षेत्र के चकपड़री निवासी पत्रकार धनंजय यादव के खाते से साइबर ठगों ने 92,229 रुपये उड़ा लिए। पीड़ित ने सुरियावां थाने में तहरीर देकर बताया कि 1



नवंबर की शाम लगभग 6 बजे उनका मोबाइल हैक कर लिया गया। मोबाइल पर सिस्टम अपडेट होने का मैसेज दिखा, जिससे उन्हें शक नहीं हुआ। इसी बीच तीन बार में – 55,000, 30,000 और 7229 रुपये यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सियरहा मोढ़ शाखा के खाते से निकाल लिए गए। धनंजय यादव ने बताया कि उन्होंने किसी को ब्ज्च् नहीं बताया था। 2 नवंबर सुबह गूगल–पे से बैलेंस चेक करने पर खाते से पैसे गायब होने का पता चला, जिसके बाद तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन पर सूचना देकर शिकायत दर्ज कराई गई। ट्रांजेक्शन में वेद प्रकाश, शंकर मणिक्कम और पुष्पा के नाम पर पैसा ट्रांसफर होना दिख रहा है। थाने से जांच व कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद पीड़ित ने 4 नवंबर को पुलिस अधीक्षक भदोही को प्रार्थना पत्र देकर जांच कर पैसा वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

जिलाधिकारी ने कराई धान की फसल की क्राप कटिंग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा बुधवार को जनपद में धान की उत्पादकता को परखने के दृष्टिगत तहसील सदर अन्तर्गत सिटी विकास खण्ड के आराजी नम्बर–240 ग्राम अर्जुनपुर में धान के फसल की क्राप कटिंग स्वंय अपने सामने सम्पादित कराई गई। क्राप कटिंग कराकर वजन को परखा गया जिसमें कुल 71.428 किलोग्राम प्रति विस्वा उत्पादन प्राप्त हुआ।

ऑनलाइन व्यापार का सपा व्यापार सभा ने किया विरोध

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । डिजिटल युग मे ऑनलाइन मार्केटिंग से खुदरा व्यापारियों की स्थितियों को देखते हुए सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष गणेश केशरी के साथ व्यापारियों ने सड़क पर उतरकर भाजपा सरकार को घेरा और ऑनलाइन व्यापार के इजाफे से मंझोले व छोटे दुकानदारों के व्यापार और गहरा असर पड़ने की बात कही। जिसके चलते अधिकतर व्यापारी आर्थिक तंगी से गुजर रहा है और आत्महत्या को विवश हो रहा है। कहा कि छोटे व मंझोले व्यापारियों की सहूलियत के लिए ऑनलाइन व्यापार को दी जा रही सुविधाएं बन्द कर दी जाएं और ऑनलाइन व्यापार की समाप्ति की ओर सरकार को कदम उठाना चाहिए। ताकि खुदरा व्यापारियों का जीवन यापन निरन्तर चलता रहे। इस मौके पर आदर्श यादव, राकेश यादव, विकास केशरी, राजकुमार, रमेश सोनी, राजेश कसेरा, मुकेश गुप्ता, रवि मेहरोत्रा, रवि उमर, मनीष गुप्ता, प्यारेलाल, अजय कुमार सोनी, पुन्डीक केशरी आदि मौजूद रहें।



लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा के लिए भाजपा कार्यकर्ता प्रयागराज रवाना

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। भाजपा नगर मंडल पश्चिमी के सैकड़ों कार्यकर्ता नगर अध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा के नेतृत्व में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा के लिए प्रयागराज रवाना हुए। रवाना होने से पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा ने कहा कि जब भी कांग्रेस चुनाव हारती है तो वह किसी न किसी संस्था या चुनावी प्रक्रिया पर निशाना साधती है। चुनाव आयोग पर सवाल उठाने से लेकर ईवीएम और विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर पर संदेह जताने तक कांग्रेस और विपक्ष लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 12 में से 10 बार एसआईआर कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार के समय हुआ है। तब कांग्रेस ने उसे सही ठहराया था, लेकिन अब दूसरी पार्टी के समय हो रहा है तो लोकतंत्र पर खतरा बता रही है। एसआईआर सुप्रीम कोर्ट की जांच में खरा उतरा है और वोट चोरी के आरोप खारिज हो चुके हैं। विपक्ष का एसआईआर विरोधी प्रदर्शन सत्ता परिवर्तन की कोशिश है।

उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस जैसी पार्टियों की वोट बैंक की राजनीति के कारण अवैध घुसपैठियों को देश में मौका मिला। भारत एक आत्मविश्वास से भरा संप्रभु लोकतंत्र है, संस्थाओं को कमजोर करने की ऐसी कोशिशें यहां सफल नहीं होंगी। पदयात्रा में मंडल उपाध्यक्ष दीपा उमर, मुन्ना लाल वर्मा, मंडल मंत्री राहुल चंद्र जैन, सुमन यादव, धीरज तिवारी, शिल्पा गुप्ता, सभासद सत्यनारायण जायसवाल, पंचम यादव, गोवर्धन निषाद, आनंद किशोर, रितेश, शिव कुमार शर्मा, रमई बिंद, सोनी भारतीया समेत प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



ज्ञानपुर में विकास को मिलेगी नई रफ्तार, 80 करोड़ से बनेगा सराय जगदीश रेलवे ओवरब्रिज

18 करोड़ रुपये अवमुक्त, जल्द होगा शिलान्यास, ककराही और माधोसिंह रेलवे फाटक पर भी ओवरब्रिज निर्माण की तैयारी : विपुल दुबे

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की दिशा में बड़ी पहल हुई है। सराय जगदीश हाल्ट स्थित रेलवे फाटक पर करीब 80 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। परियोजना को प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है और निर्माण के लिए 18 करोड़ रुपये की धनराशि भी अवमुक्त हो गई है। रेलवे से एनओसी सहित आवश्यक तकनीकी औपचारिकताएं पूरी होते ही निर्माण कार्य की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। जल्द ही ओवरब्रिज का भूमि पूजन और शिलान्यास कराया जाएगा। यह जानकारी ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे ने बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

विधायक ने बताया कि सराय जगदीश रेलवे फाटक पर आए दिन लगने वाला जाम लंबे समय से क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था। इस मार्ग पर जाम के चलते मरीजों को अस्पताल पहुंचने में देरी होती थी, वहीं विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और राहगीरों को भी घंटों इंतजार करना पड़ता था। इसी मार्ग पर स्थित माता सीता समाहित स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

एंबुलेंस में जिंदगी से जूझते बच्चे की घटना ने झकझोरा

विधायक विपुल दुबे ने बताया कि एक बार इसी मार्ग से गुजरते समय उन्होंने एंबुलेंस में 16 वर्षीय बच्चे को जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते देखा था। रेलवे फाटक पर जाम के कारण उत्पन्न स्थिति ने उन्हें झकझोर दिया। उसी समय उन्होंने इस समस्या का स्थायी समाधान कराने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि ओवरब्रिज को प्रशासनिक स्वीकृति मिलना और निर्माण के लिए धनराशि अवमुक्त होना उसी संकल्प को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



30 दिनों में पूरी होंगी तकनीकी औपचारिकताएं

विधायक ने बताया कि रेलवे विभाग से एनओसी सहित कुछ तकनीकी प्रक्रियाएं अभी शेष हैं। इन्हें लगभग 30 दिनों में पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए वह प्रयागराज जाकर रेलवे अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। साथ ही ब्रिज कॉरपोरेशन के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरी कराई जाएंगी, ताकि निर्माण कार्य शुरू होने का रास्ता साफ हो सके।

ककराही और माधोसिंह में भी ओवरब्रिज निर्माण की तैयारी

विधायक ने कहा कि सराय जगदीश के साथ ककराही और माधोसिंह रेलवे फाटक पर भी ओवरब्रिज निर्माण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जनपद के अन्य जनप्रतिनिधि भी इन समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय हैं। उन्होंने मूसी में निर्मित पुल का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले वहां रास्ता काफी संकरा था, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती थी। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए पुल का निर्माण कराया गया।

कोनिया की समस्या के समाधान के लिए जमीन चिह्नित

प्रेस वार्ता में विधायक ने कोनिया क्षेत्र की समस्याओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में आवागमन को लेकर होने वाली परेशानियों के समाधान के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है। पावर कॉरपोरेशन के स्तर पर कुछ प्रक्रियाएं शेष हैं, जिन्हें जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि वह स्वयं को ज्ञानपुर का वकील मानते हैं और क्षेत्र की समस्याओं को शासन–प्रशासन के सामने उठाना तथा विकास कार्यों की पैरवी करना अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। विकास के लिए किसी जादू की छड़ी की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि निरंतर प्रयास, अधिकारियों से समन्वय और जनता के विश्वास से ही काम आगे बढ़ता है।

उन्होंने कहा कि ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र के साथ पूरे जनपद की जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जा रहा है। जनता के आशीर्वाद, सहयोग और कार्यकर्ताओं के समर्थन से विकास कार्यों को गति देने का प्रयास जारी है। सराय जगदीश रेलवे ओवरब्रिज की स्वीकृति इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

भदोही में महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी, मिशन शक्ति अभियान में सुरक्षा उपाय, सरकारी योजनाएं और हेल्पलाइन नंबर बताए

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही जिले में मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अभियान पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की निगरानी में चलाया गया।

जिले के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और चौकियों ने बाजारों, स्कूल–कॉलेजों के आसपास, कोचिंग संस्थानों, लाइब्रेरी और भीड़भाड़ वाली सार्वजनिक जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया।

पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं से बात की। उन्हें छेड़छाड़, फब्तियां कसने, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से सतर्क रहने के साथ बचाव के उपाय बताए। पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं से कहा कि वे बिना डर या संकोच के अपनी बात साझा कर सकती हैं।



अभियान में उत्तर प्रदेश सरकार की महिला सशक्तीकरण योजनाओं, पॉक्सो एक्ट, महिला अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। आपात स्थिति में मदद के लिए 1090 (वीमेन पावर लाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) पर संपर्क करने का तरीका भी बताया गया। जागरूकता पर्चे बांटे गए।

भदोही पुलिस ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए अभियान जारी रहेगा।

शादी का झांसा देकर संबंध बनाए ,सिपाही पर 10 साल तक शोषण का आरोप

उरई/जालौन, संवाददाता। जालौन में एक पुलिसकर्मी पर शादी का झांसा देकर युवती का करीब 10 साल तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगा है। आरोप है कि शादी का भरोसा देकर सिपाही लगातार उसके साथ संबंध बनाता रहा। इस दौरान कई बार गर्भवती होने पर उसका गर्भपात भी कराया गया। अब सिपाही की नौकरी मिलने के बाद शादी करने से इनकार कर रहा है। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उसका आरोप है कि सिपाही अब दूसरी जगह शादी करने की तैयारी कर रहा है। विरोध करने पर पुलिस में होने का रौब दिखाकर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। पीड़िता के मुताबिक, साल 2015 में जब मनीष कुमार ने पहली बार उसके साथ संबंध बनाए, तब उसकी उम्र महज 15 साल थी। वह कक्षा 11 में पढ़ती थी। आरोपी 2015 पीड़िता के संपर्क में आया था। वह उसे स्कूल से होटल ले गया और परिवार को सहारा देने के साथ शादी करने का भरोसा दिया। आरोप है कि इसके बाद उसने उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाए। जब भी पीड़िता बच्चा पैदा करने की बात कहती, आरोपी शादी नहीं होने का हवाला देकर उसे रोक देता था। कई बार गर्भवती होने पर बाहर ले जाकर गर्भपात कराने का भी आरोप लगाया है। वर्तमान में वह सीतापुर में रामपुर कला थाने में सिपाही के पद पर तैनात है। पीड़िता का कहना है कि पिछले तीन–चार साल से आरोपी पुलिस भर्ती की तैयारी और नौकरी मिलने के बाद धूमधाम से बारात लाकर शादी करने का भरोसा देता रहा। बाद में उसकी सीतापुर में पुलिस ट्रेनिंग हुई। आरोप है कि 14 मार्च 2026 को वह एसआई की परीक्षा देने के बहाने छुट्टी लेकर आया और उसे अपने घर ले गया। वहां पूरे दिन उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता के मुताबिक, सामाजिक बदनामी के डर से उसने अपने परिवार के साथ आरोपी और उसके परिजनों से जल्द शादी करने की बात कही। इस पर उन्होंने मकान बनने के बाद शादी करने की बात कहकर टाल दिया। इसी बीच उसे पता चला कि आरोपी के परिजन दूसरी जगह उसका रिश्ता तलाश रहे हैं। फोन पर बात करने पर आरोपी ने कथित तौर पर कहा कि उसकी शादी में 20 लाख रुपये मिल रहे हैं। पीड़िता का दावा है कि वह पहले भी अपनी पैथोलॉजी लैब की कमाई से उसकी आर्थिक मदद कर चुकी है और आगे भी 20 लाख रुपये देने को तैयार थी, लेकिन आरोपी शादी के लिए राजी नहीं हुआ। पीड़िता ने आरोपी और उसके परिजनों पर गाली–गलौज करने और शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उसने जान–माल का खतरा बताते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि उसकी मां का निधन हो चुका है और बुजुर्ग पिता मजदूरी करके परिवार का खर्च उठाते हैं। वह खुद पढ़ाई पूरी करने के बाद पैथोलॉजी लैब चलाकर परिवार की मदद कर रही है। एसपी सुरेश चंद्र रावत ने मामले की जांच महिला थानाध्यक्ष को सौंपी है। एसपी सुरेश चंद्र रावत ने मामले की जांच महिला थानाध्यक्ष को सौंपी है। उन्होंने जांच के आधार पर सच्चाई सामने लाने के निर्देश दिए हैं।

ट्रक धू-धू कर जला, ड्राइवर-क्लीनर जिंदा जले

उरई/जालौन, संवाददाता। जालौन में बुधवार तड़के भीषण हादसे में ट्रक ड्राइवर और क्लीनर जिंदा जल गए। ड्राइवर ट्रक में ईंट लादकर एटा से हमीरपुर जा रहा था। एक्सप्रेसवे पर ट्रक अनियंत्रित हो गया और नीचे जा गिरा। गाड़ी के नीचे गिरते ही उसमें आग लग गई। ड्राइवर और क्लीनर उसी में फंस गए। देखते ही देखते पूरी ट्रक आग की चपेट में आ गया। आग इतनी विकराल थी कि दोनों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। दोनों के अंदर जिंदा जलने से मौत हो गई। हादसा जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे पर हुआ। करीब 7 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दोनों के जले हुए कंकाल ट्रक से बाहर निकाले जा सके। ड्राइवर की पहचान एटा के रहने वाले राजकुमार और क्लीनर की पहचान फिरोजाबाद के सचिन यादव के रूप में हुई है। हादसे की वजह का पुलिस पता लगा रही। प्रत्यक्षदर्शी एक दूसरे ट्रक के ड्राइवर अवधेश कुमार (36) ने बताया कि ट्रक एटा से हमीरपुर के राठ की ओर जा रहा था।

ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी को लेकर सपा नेता शिव शंकर यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव द्वारा वीडियो में ब्राह्मण समाज, सनातन धर्म और



वैदिक मंत्रों पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से आक्रोशित ब्राह्मण समाज ने बुधवार को शहर कोतवाली पर प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान के नेतृत्व में सैकड़ों ब्राह्मण व सवर्ण समाज के लोग कोतवाली पहुंचे। उन्होंने शिव शंकर सिंह यादव के खिलाफ धार्मिक भावना भड़काने व वर्ग संघर्ष का षड्यंत्र रचने का मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी। संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील कुमार पांडे एडवोकेट ने चेतावनी दी कि मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो एसपी कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन होगा। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री ने कहा, ब्राह्मण समाज को मान–सम्मान की रक्षा के लिए एकजुट होकर लड़ना होगा। प्रदर्शन में सवर्ण आर्मी, करणी सेना, परशुराम सेना, ब्राह्मण एकता परिषद समेत तीर्थ पुरोहित व पंडित समाज के लोग शामिल रहे।

सोन कल्चर क्लब के तत्वावधान में शपथ ग्रहण एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

ओबरा (सोनभद्र) । राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के तत्वावधान में संचालित सोन कल्चर क्लब के अंतर्गत बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार ने छात्र–छात्राओं को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं तथा कला–संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की शपथ दिलाकर किया। इस अवसर पर गायन, कविता पाठ एवं लोकगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिरुचि का शानदार प्रदर्शन किया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल कि मार्कशीट पर त्रुटिवश मेरा नाम अंग्रेजी में MUBASSHIR और मेरे पिता का नाम AZAM दर्ज हो गया है जो गलत है जबकि मेरा सही नाम Sayyad Mohammad Mobassir और पिता का नाम Mohd Azam है जो अन्य दस्तावेजों पर भी दर्ज है। न्यायोचित कार्यों के लिए मेरा सही नाम Sayyad Mohammad Mobassir एवं पिता Mohd Azam निवासी 68 सुल्तानपुर भावा इलाहाबाद जाना व पहचाना जाए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

गन्ना ही नहीं चावल से भी एथेनॉल बनाने पर पाबन्दी

लिमिट तय,अब मक्का पर होगा फोकस



लखनऊ, संवाददाता। एथनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के इस्तेमाल पर रोक के बाद केंद्र सरकार ने अब चावल के इस्तेमाल पर भी सीमा तय कर दी है। सरकार के फैसले से एथेनॉल बनाने वाली कंपनियों की निर्भरता मक्के पर बढ़ सकती है। उद्योग जगत के अनुमान के मुताबिक 2026–27 में एथेनॉल उत्पादन के लिए मक्के की मांग करीब 1.6 करोड़ टन तक पहुंच सकती है, जबकि चालू आपूर्ति वर्ष में लगभग 1. 3 करोड़ टन रहने का अनुमान है। एफसीआई के अतिरिक्त चावल और खराब खाद्यान्न से एथेनॉल बनाने की मात्रा सीमित कर दी है। संशोधित टेंडर की शर्तों के मुताबिक वित्त वर्ष 2026–27 के शुरुआती तीन तिमाहियों में एफसीआई के अतिरिक्त चावल से अधिकतम 324 करोड़ लीटर एथेनॉल बनाया जा सकेगा। खराब खाद्यान्न से एथेनॉल उत्पादन की सालाना सीमा 160 करोड़ लीटर तय की गई है। इन दोनों स्रोतों से 484 करोड़ लीटर एथेनॉल का ही उत्पादन किया जा सकेगा। यह तेल विपणन कंपनियों ओएमसी की ओर से जारी 1,100 करोड़ लीटर के कुल टेंडर का करीब 44 फीसदी है।सरकार ने एफसीआई के अतिरिक्त चावल के इस्तेमाल को लेकर उत्पादकों के लिए अलग–अलग सीमाएं तय की हैं। कोई भी एथेनॉल उत्पादक अपनी एक तिमाही की कुल पेशकश में 30 फीसदी से अधिक हिस्सा एफसीआई के चावल से बने एथेनॉल का नहीं रख सकेगा।इस स्रोत से सभी कंपनियों को मिलाकर हर तिमाही अधिकतम 108 करोड़ लीटर एथेनॉल का आवंटन किया जाएगा। शुरुआती तीन तिमाहियों में कुल सीमा 324 करोड़ लीटर रहेगी।यदि कंपनियों की ओर से निर्धारित सीमा से अधिक पेशकश की जाती है तो तेल विपणन कंपनियां सभी बोलीदाताओं की पात्र मात्रा में आनुपातिक कटौती करेंगी।सरकार ने एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल ईबीपी कार्यक्रम के लिए 72 लाख टन अतिरिक्त चावल आवंटित किया है। यह आवंटन 30 जून 2027 तक वैध रहेगा। खराब खाद्यान्न से बनने वाले एथेनॉल की सीमा भी 160 करोड़ लीटर तय की गई है। यह कुल टेंडर का करीब 14.5 फीसदी है। तेल कंपनियां नवंबर से अक्टूबर तक चलने वाले आपूर्ति वर्ष की प्रत्येक तिमाही में इस स्रोत से अधिकतम 40 करोड़ लीटर एथेनॉल खरीद सकेंगी।सरकार ने 2026–27 के आपूर्ति वर्ष में एथेनॉल उत्पादन के लिए चीनी के इस्तेमाल पर पहले ही रोक लगा दी थी। यह आपूर्ति वर्ष नवंबर 2026 से अक्टूबर 2027 तक चलेगा।चीनी मिलें गन्ने के रस, चीनी सिरप और बी–हैवी शीरे से एथेनॉल बनाती थीं। इससे मिलों को गन्ने का कुछ हिस्सा एथेनॉल उत्पादन में इस्तेमाल करने का मौका मिलता था। उन्हें अतिरिक्त कमाई होती थी और किसानों का गन्ना बकाया चुकाने में मदद मिलती थी। उत्पादन में गिरावट के बीच सरकार ने 16 अक्टूबर को भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड बीपीसीएल के माध्यम से नया खरीद टेंडर जारी किया था। इसमें तेल कंपनियों की ओर से एथेनॉल उत्पादन के लिए चीनी के इस्तेमाल को शून्य करने के निर्देश दिए गए थे।2026–27 के लिए गन्ने के रस, चीनी, चीनी सिरप और बी–हैवी शीरे से बने एथेनॉल की खरीद के लिए कोई पेशकश नहीं मांगी गई। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने चीनी उत्पादक राज्यों को भी इन माध्यमों का इस्तेमाल नहीं होने देने का निर्देश दिया। सी–हैवी शीरे को इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। यह गन्ने से चीनी निकालने के बाद बचने वाला उप–उत्पाद है। गन्ने के रस और बी–हैवी शीरे का इस्तेमाल एथेनॉल बनाने में नहीं होने के कारण सी–हैवी शीरे का उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है। अनुमान के मुताबिक सी–हैवी शीरे से बनने वाले एथेनॉल में से केवल करीब 50 करोड़ लीटर ही तेल कंपनियों को मिल सकेगा। गन्ने और चावल से एथेनॉल उत्पादन पर लगाई गई सीमाओं के बाद मक्के की अहमियत बढ़ने वाली है। उद्योग जगत के अनुमान के मुताबिक2026–27 में एथेनॉल उत्पादन के लिए करीब 1.6 करोड़ टन मक्के की जरूरत पड़ सकती है। चालू आपूर्ति वर्ष में यह मांग लगभग 1.3 करोड़ टन रहने का अनुमान है। इसमें करीब 22 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है। एक टन मक्के से करीब 380 लीटर एथेनॉल तैयार किया जा सकता है। इस हिसाब से 1.6 करोड़ टन मक्के से लगभग 610 करोड़ लीटर एथेनॉल का उत्पादन संभव है। मक्के की बढ़ती मांग का असर उन उद्योगों पर भी पड़ सकता है जो पहले से इस अनाज पर निर्भर हैं।मक्के की बढ़ती मांग का असर इसकी कीमतों पर भी दिखने लगा है। प्रमुख मंडियों में मक्के की कीमत 30 से 31 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है, जबकि इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य 24.10 रुपये प्रति किलो है। एथेनॉल उत्पादन, पशु आहार, स्टार्च और अन्य औद्योगिक जरूरतों को मिलाकर मक्के की कुल मांग 2027 में करीब 5.57 करोड़ टन तक पहुंच सकती है। 2026 में यह मांग 4. 9 से 5 करोड़ टन रहने का अनुमान है। तेल विपणन कंपनियों की ओर से जारी 1,100 करोड़ लीटर का मौजूदा टेंडर पूरे आपूर्ति वर्ष में 20 फीसदी एथेनॉल ब्लेंडिंग का लक्ष्य पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता। तेल कंपनियां 100 करोड़ लीटर एथेनॉल की अतिरिक्त खरीद के लिए एक और टेंडर जारी कर सकती हैं। इससे कुल खरीद की जरूरत बढ़कर 1,200 करोड़ लीटर हो जाएगी। अतिरिक्त जरूरत से मक्के और एथेनॉल उत्पादन के लिए इस्तेमाल किए जा सकने वाले दूसरे अनाजों पर दबाव और बढ़ सकता है।

संक्षिप्त

श्रीकृष्ण के अपमान पर सपा यूथ ब्रिगेड की दी धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी में समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज थाने पहुंचकर उनके खिलाफ तहरीर दी और एफआईआर दर्ज करने की मांग की।मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव



प्रवेश यादव ने तहरीर देकर धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की त्रिभंगी मुद्रा, उनके नाम और बांसुरी बजाने की शैली को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की तुलना भगवान श्रीराम से करते हुए ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया, जो उचित नहीं है। उन्होने आरोप लगाया कि धीरेंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण को लेकर विवादित बयान दिया है, जिससे करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि एक भगवान की महिमा बताने के लिए दूसरे के स्वरूप या व्यक्तित्व को कमतर दिखाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। कार्यकर्ताओं ने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर दर्ज करने और धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। प्रवेश यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व उपहास या तुलना का विषय नहीं है। वे प्रेम, करुणा, न्याय, नीति, साहस और धर्म की स्थापना के प्रतीक हैं। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण दोनों सनातन धर्म के आराध्य हैं। दोनों के व्यक्तित्व, लीलाओं और आदर्शों का अपना अलग महत्व है।

एलयू में समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू के गेट नंबर–3 पर समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर संगीत रागी का पुतला फूंका। साथ ही उनकी तस्वीर को पैरों से रौंदा। छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रोफेसर पर जातीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया। पुतला जलते ही मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी उसे लेकर वहां से हट गए। कार्यकर्ताओं ने प्रोफेसर संगीत रागी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। अमित यादव ने कहा कि संगीत रागी जैसे लोग कुंठित विचारधारा के हैं। इन्हें सबसे पहले प्रोफेसर के पद से हटाया जाए। जिस व्यक्ति की सोच अच्छी नहीं है वह छात्रों को अच्छी शिक्षा कैसे दे सकता है। हमारी मांग है कि पूरे यादव समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन कर रहे आदित्य ने कहा कि संगीत रागी समाजवादी पार्टी के सम्मानित प्रवक्ता पर जातिगत टिप्पणी किया है। यह टिप्पणी यादव समाज को लेकर की गई है। यह सिर्फ व्यक्ति विशेष पर नहीं बल्कि पूरे समाज से अभद्रता है। हम लोग किसी भी स्थिति में सपा नेता मनोज काका और उन पर की गई जातीय टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी व्यक्ति की छोटी सोच और मानसिक दिवालियापन का परिणाम है। इससे पहले ओम प्रकाश राजभर ने इसी प्रकार की टिप्पणी किया था। वहीं मौजूदा समय में कथा वाचक धीरेंद्र शास्त्री ने भी भगवान श्री कृष्ण का अपमान करने का काम किया है। जिस प्रकार से 2027 का चुनाव करीब आ रहा है वैसे ही यादव समाज को अपमान करने का चलन बढ़ गया है।

सड़क खुदाई के दौरान जेसीबी की चपेट में आने से महिला की मौत

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी में सड़क खुदाई के दौरान जेसीबी की चपेट में आने से 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसा अंधे की चौकी के पास मल्टी केयर हॉस्पिटल के सामने हुआ। घटना के बाद चालक जेसीबी छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मशीन कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतका की पहचान सबिया (60), पत्नी छोटा, निवासी बेबी मार्टिन स्कूल के पास दुबग्गा के रूप में हुई। वह अपनी रिश्तेदार मेराज को देखने हॉस्पिटल जा रही थीं। इसी दौरान सड़क निर्माण कार्य में लगी जेसीबी को ड्राइवर बैक कर रहा था। तभी वहां से निकल रही सबिया पहिये के नीचे आ गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर बाद मृतका के परिजन भी वहां पहुंच गए। उन्होंने घटना पर आक्रोश जताया। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया। एहतियातन मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब 11.40 बजे सड़क पर खुदाई का काम चल रहा था। इसी दौरान जेसीबी चालक मशीन पीछे कर रहा था। तभी वहां से हॉस्पिटल में रिश्तेदार से मिलने जा रही महिला पहिये के नीचे आ गई। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना दुबग्गा इलाके की है। पुलिस ने जेसीबी कब्जे में ले ली है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

परिषदीय विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण का पाठ

लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर भी जोर दे रही है। प्रदेश के लगभग 1.32 लाख से अधिक परिषदीय विद्यालयों में 1 से 7 नवंबर तक ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में पर्यावरण–अनुकूल आदतें अपनाने और टिकाऊ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। मिशन लाइफ के सात विषयों पर आधारित सप्ताह में प्रदेश के सभी विद्यालयों में अध्ययनरत लगभग 1.42 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने और अपने घर–समुदाय तक टिकाऊ जीवनशैली का संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में इको क्लबों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सप्ताह की गतिविधियों की जानकारी और आवश्यक सूचना–शिक्षा–संचार सामग्री निर्धारित पोर्टल मबवबसनइे.मकनबंजपवद.हवअ.पद से प्राप्त करने की व्यवस्था है।सप्ताह के प्रत्येक दिन एक विषय पर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। 1 नवंबर को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, 2 नवंबर को ऊर्जा बचाने और 3 नवंबर को जल संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं। 4 नवंबर को टिकाऊ खाद्य प्रणालियों पर केंद्रित गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को टिकाऊ जीवनशैली के महत्व से परिचित कराया गया। 5 नवंबर को एकल उपयोग प्लास्टिक से दूरी, 6 नवंबर को ई–कचरा कम करने और 7 नवंबर को कचरा कम करने पर केंद्रित कार्यक्रम होंगे।बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह के माध्यम से विद्यार्थियों को ऊर्जा और जल संरक्षण, प्लास्टिक के कम उपयोग तथा कचरा प्रबंधन जैसी आदतों से जोड़ा जा रहा है। बच्चों में आज विकसित होने वाली ये आदतें भविष्य में पर्यावरण संरक्षण का मजबूत आधार बनेंगी।वही डीजी स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में मिशन लाइफ के सात विषयों पर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इको क्लबों और विद्यार्थियों की सहभागिता से पर्यावरण–अनुकूल व्यवहार को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यार्थियों को इन संदेशों को अपने परिवार और समुदाय तक पहुंचाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

दीपोत्सव में लोकनृत्यों से सजेगी रामनगरी

दीपोत्सव के जरिए दुनिया तक पहुंचेगा भारतीय लोक संस्कृति और परंपराओं का संदेश–जयवीर

लखनऊ, संवाददाता। दीपोत्सव–2026 में रामनगरी की सड़कों और सांस्कृतिक मंचों पर देश की विविध लोक परंपराओं के रंग देखने को मिलेंगे। आयोजन में उत्तर प्रदेश के अलग–अलग जिलों से आए लोक कलाकार अपने पारंपरिक नृत्यों और लोक विधाओं की प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही अन्य प्रदेशों के कलाकार भी अपनी क्षेत्रीय लोककला के माध्यम से दीपोत्सव की सांस्कृतिक भव्यता बढ़ाएंगे। लोकनृत्यों की यह विविधता अयोध्या में देश की सांस्कृतिक एकता और परंपराओं का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगी।संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश के लोक कलाकार दलों में मथुरा का मयूर और बम रसिया नृत्य, प्रयागराज का ढेढ़िया नृत्य, बांदा का पाई डंडा, सोनभद्र का मांदल–सिंघा और करमा नृत्य प्रमुख आकर्षण होंगे। अयोध्या के कलाकार बधावा, फरुवाही तथा डमरू एवं शंख नृत्य की प्रस्तुति देंगे। वहीं गाजीपुर का धोबिया, गोरखपुर का वनटांगिया, पीलीभीत का थारू, झांसी का राई, सुलतानपुर का नटवरी और बहराइच का डोमकच नृत्य भी लोक परंपरा की झलक दिखाएगा।दीपोत्सव में उत्तर प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों की लोक विधाओं को भी स्थान दिया गया है। पश्चिम बंगाल के कलाकार श्री खोल, ओडिशा के कलाकार मास्क डांस, शाही जात्रा, रणप्पा चढैय्या और शंख वादन की प्रस्तुति देंगे। झारखंड का पुरुलिया छऊ, मध्य प्रदेश का गुदुम बाजा, कर्नाटक का ढोलु कुनीथा और गुजरात का तलवार रास भी दर्शकों को आकर्षित करेगा। राजस्थान का घूमर–चरी, बिहार की झिझिया, चेन्नई की कावड़ी, कड़गम व मयूर नृत्य तथा आंध्र प्रदेश का बोनालू भी दीपोत्सव की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का हिस्सा होंगे।

मायावती ने बुलाई बसपा की अहम बैठक, मिशन-2027 की तैयारियों को लेकर संगठन को देंगी नई धार



लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रह चुकीं मायावती ने गुरुवार, 5 नवंबर को लखनऊ में प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सभी 75 जिलों के जिलाध्यक्षों की अहम बैठक बुलाई है। इसमें प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ सभी 75 जिलों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। बैठक में संगठन की जमीनी हकीकत परखने के साथ चुनावी तैयारियों और उम्मीदवारों के चयन पर मंथन होगा। बसपा कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के मुताबिक, बैठक सुबह 11 बजे लखनऊ स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय, 12 माल एवेन्यू में मायावती की अध्यक्षता में होगी। इसमें प्रदेश संगठन के सभी स्तरों के छोटे–बड़े पदाधिकारियों को बुलाया गया है। बैठक में सबसे पहले प्रदेश में पार्टी संगठन की मौजूदा स्थिति और उसकी जमीनी मजबूती की समीक्षा की जाएगी। इसमें प्रदेश संगठन के सभी स्तरों के छोटे–बड़े पदाधिकारी और 75 जिलों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी संगठन की जमीनी स्थिति, उसकी मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। मायावती पदाधिकारियों से पहले दिए गए दिशा–निर्देशों पर हुए कामकाज की रिपोर्ट भी लेंगी। इसके जरिए यह आकलन किया जाएगा कि जिलों में संगठन कितना सक्रिय है और पार्टी की तैयारियां किस स्तर तक पहुंची हैं। इसके साथ ही चुनाव के लिए बेहतर से बेहतर उम्मीदवारों के चयन और सर्वसमाज में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने की रणनीति पर भी चर्चा होगी। माना जा रहा है कि बैठक के जरिए पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को नए सिरे से सक्रिय करने और चुनावी रणनीति को धार देने की दिशा में महत्वपूर्ण फैसले कर सकती है। गौरतलब है कि बसपा उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों में जुटी है। ऐसे में सभी जिलाध्यक्षों और वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में होने वाली इस बैठक को पार्टी की चुनावी रणनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। राजनीतिक लिहाज से बसपा की यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है। सभी 75 जिलों के जिलाध्यक्षों और वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में मायावती संगठन को नए सिरे से सक्रिय करने के लिए अहम दिशा–निर्देश दे सकती हैं। माना जा रहा है कि इस बैठक के जरिए पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव से पहले अपनी रणनीति और संगठनात्मक तैयारियों को अंतिम रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाएगी।

पंकज चौधरी और अखिलेश यादव में जुबानी जंग

बोझ प्रदेश अध्यक्ष बोले- रणछोड़ अखिलेश, सपा चीफ बोले वो चुप रहे तो अच्छा

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले ही नेताओं की जुबानी जंग छिड़ गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने के ऐलान के बाद सियासी चर्चा तेज हो गई है।अखिलेश यादव के बयान को लेकर भाजपा हमलावर हो गई है। अखिलेश यादव ने वाराणसी दौरे के दौरान कहा कि वह 2027 का यूपी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। सपा प्रमुख ने कहा, "हम मुख्यमंत्री तभी बनते हैं जब चुनाव नहीं लड़ते हैं, इसलिए शुभ काम करेंगे। सपा प्रमुख ने काशी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि उन्हें शुभ और खराब समय का ज्ञान है। अखिलेश यादव का जवाब दिलचस्प है, क्योंकि जब वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे तो विधान परिषद के सदस्य थे। 2012 में जब समाजवादी पार्टी सत्ता में आई थी, तब अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उस समय वह लोकसभा सांसद थे। बाद में उन्होंने कन्नौज लोकसभा सीट छोड़कर विधान परिषद का रास्ता चुना था। मुख्यमंत्री बनने के लिए उन्होंने सीधे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था। अखिलेश यादव 2012 से 2018 तक उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य रहे थे।पंकज चौधरी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, "रणछोड़ अखिलेश, पहले चुनौती दी, अब भाग खड़े हुए। अब क्या सीधे लोक सभा से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे? यह बिल्कुल वैसी ही बात है, जैसे बिना चुनाव के रिजीम चेंज। यही सपाइयों की सच्चाई है। जब सत्ता में थे, तब नोएडा जाने से डरते थे। अब चुनाव लड़ने से डर रहे हैं। अखिलेश यादव ने पंकज चौधरी को निशाने पर ले लिया और एक लंबा–चौड़ा पोस्ट एक्स पर लिखा। जिसमें अखिलेश यादव ने कई सवाल पूछे। अखिलेश यादव ने कहा, जिनकी खुद की टिकट उनके अपने ही पड़ोसी पक्की नहीं होने दे रहे हैं, वो चुप ही रहें तो ही उनका सम्मान बचा रहेगा। उन्होंने जो टीका–टिप्पणी की है वो भी किसी दुष्मुखी के वचनों से प्रेरित लगती है। भगवान कृष्ण के एक अन्य परमार्थी नाम रणछोड़ को नकारात्मक भाव में प्रयुक्त करके उन्होंने साबित कर दिया है कि उनका ज्ञान कितना सीमित, संकीर्ण व समाज के लिए किस हद तक घातक है। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि रही बात लोकसभा से सीधे मुख्यमंत्री बनने की तो वो यह कहकर किसकी ओर इशारा कर रहे हैं, गोरखपुर वाले इस पुरानी रार–तकरार को समझते हैं। गोरखपुर की जनता को सब दिख रहा है, वो काला चश्मा लगाए नहीं बैठी है। अब दिल्ली–लखनऊ की ही आपसी लड़ाई नहीं, गोरखपुर के अंदर भी भाजपा में वर्चस्व की अंदरूनी लड़ाई लिखा–पढ़ी में बाहर आ गई है। जिनके नाम का पर्यायवाची ही कमल हो, वो ही आपसी लड़ाई में कमल का निशान पाने के लिए तरस जाएंगे, अगर ऐसा नहीं है तो प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते भाजपा का सबसे पहला टिकट वो अपना ही घोषित करें। इति ध्वस्तम! डिप्टी चीफ मिनिस्टर केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव के बयान पर कहा कि अब, चूंकि 2027 में समाजवादी पार्टी नहीं आ रही है और बीजेपी कहीं नहीं जा रही है, इसलिए उनके चीफ मिनिस्टर बनने का कोई चांस नहीं है, इसलिए उन्होंने अभी से ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा बयान दिया है। वाराणसी में अखिलेश यादव पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान उनसे कहा गया कि वाराणसी की ही किसी। सीट से लड़ लीजिए। इसके जवाब में अखिलेश यादव ने पुराने रिकॉर्ड का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री तभी बनते हैं जब चुनाव नहीं लड़ते हैं, इसलिए शुभ काम करेंगे।

मृतक शिक्षिका के परिजनों से मिले राम आसरे विश्वकर्मा

लखनऊ, संवाददाता। गोरखपुर में थाना झंगहा में ब्रह्मपुर क्षेत्र में विश्वकर्मा समाज की 27 वर्षीय शिक्षिका की हत्या में पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। मृतका रानी विश्वकर्मा की बहन रागिनी विश्वकर्मा तथा पिता सुभाष विश्वकर्मा से बात कर घटना की पूरी जानकारी ली।सुभाष विश्वकर्मा के सबसे बड़ी बेटी रानी विश्वकर्मा ब्रह्मपुर क्षेत्र में एनवी सेन्ट्रल एकाडमी ब्रह्मपुर में शिक्षिका के पद पर तैनात थी। 31 अक्टूबर को वेतन लेने रानी विश्वकर्मा स्कूल के प्रबन्धक विजय निषाद से मिलने उनके स्कूल गयी। विवाद होने पर रानी विश्वकर्मा की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पूर्वमंत्री ने एडीएम से बात करके हत्या विजय तथा उनके साथ अन्य हत्यारों शिव निषाद सहित अन्य को तत्काल गिरफ्तार करने को कहा।

33 चीनी मिलों का इंडेंट जारी, शुरू हो गई गन्ना खरीद और पेराई

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों के लिए नए पेराई सत्र 2026–27 को लेकर अच्छी खबर सामने आई है। प्रदेश में चीनी मिलों ने गन्ना खरीद की तैयारियां तेज कर दी हैं। अब तक 33 चीनी मिलों की ओर से खरीद के लिए इंडेंट जारी किया जा चुका है, 9 चीनी मिलों में गन्ने की पेराई भी शुरू हो गई है। गन्ना विकास विभाग के अनुसार प्रदेश की 9 चीनी मिलों में पेराई का काम शुरू हो चुका है। इनमें एक सहकारी क्षेत्र और आठ निजी क्षेत्र की मिलें शामिल हैं। क्षेत्रवार देखें तो सहारनपुर की 3, लखनऊ की 3, मुरादाबाद की 2 और मेरठ की 1 चीनी मिल में गन्ने की पेराई शुरू हो गई है। अन्य मिलों ने भी पेराई शुरू करने से जुड़ी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 24 चीनी मिलों ने गन्ना खरीद के लिए इंडेंट जारी किया है। इन मिलों का दीपावली से पहले संचालन शुरू करने का प्रस्ताव है। वहीं, बाकी चीनी मिलें दीपावली के बाद अपना पेराई सत्र शुरू करेंगी।

अस्पतालों में ही हो शत-प्रतिशत प्रसव, घर पर डिलीवरी होने पर एमओआईसी होंगे जिम्मेदारः डीएम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) एवं स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में संपनन् हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, आयुष्मान भारत योजना और मौसमी बीमारियों से बचाव की व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा की तथा अधिकारियों को सख्त हिदायत दी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए और किसी भी दशा में घर पर डिलीवरी न हो। यदि किसी क्षेत्र में घर पर प्रसव की जानकारी सामने आती है तो संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी (एमओआईसी) सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। उन्होंने नवजात देखभाल इकाइयों (एनबीएसयू और एसएनसीयू) को चौबीसों घंटे पूरी सक्रियता से संचालित रखने



को कहा ताकि प्रसूताओं और नवजातों को तत्काल आपातकालीन सहायता मिल सके। जननी सुरक्षा योजना की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने पात्र महिलाओं का समय पर पंजीकरण कराकर प्रोत्साहन राशि सीधे बैंक खातों में भेजने का आदेश दिया। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए डीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आशा बहुओं के माध्यम से 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने और लक्ष्य समय से पूरा करने को कहा। ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएनडी) में आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को समन्वय के साथ काम करने, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की पहचान कर उनकी सतत निगरानी करने तथा कुपोषण और कम वजन के नवजातों की समस्या से निपटने के लिए पौष्टिक आहार व दवाएं समय पर वितरित करने के निर्देश दिए गए। लापरवाही बरतने वाली और कम प्रसव कराने वाली आशाओं व निष्क्रिय स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को समय से खोलने, उच्च रक्तचाप व मधुमेह की नियमित जांच सुनिश्चित करने और ई-संजीवनी के माध्यम से अधिकतम मरीजों को टेली-परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही मौसमी बीमारियों, विशेषकर डेंगू, मलेरिया व दिमागी बुखार से बचाव के लिए बुखार पीड़ितों की तत्काल जांच, एंटी-लार्वा छिड़काव व स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखने पर बल दिया। उन्होंने डॉक्टरों को बाहर की दवाएं न लिखने, मरीजों से संवेदनशीलता से पेश आने तथा इमरजेंसी में रेफरल रजिस्टर में संपूर्ण डाटा दर्ज करने की सख्त हिदायत दी।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार दोहरे, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, समस्त एमओआईसी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम), डीसीपीएम, बीपीएम और स्वास्थ्य विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए न्यायिक अधिकारियों की प्री-ट्रायल बैठक, वादों के त्वरित निस्तारण पर जोर

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगर। आगामी 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बुधवार शाम दीवानी न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव तृतीय की अध्यक्षता में न्यायिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण प्री-ट्रायल बैठक संपनन् हुई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक में विभिनन् प्रकृति के शमनीय वादों को सुलह-समझौते के आधार पर अधिकाधिक संख्या में निस्तारित करने की रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपनी-अपनी अदालतों में लंबित शमनीय व विचारणीय मामलों की सूची तैयार कर ऐसे वादों को चिन्हित करें, जिनमें समझौते की प्रबल संभावना हो। उन्होंने चेक बाउंस, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा (एमवी एक्ट), बैंक ऋण वसूली, विद्युत बिल विवाद, श्रम संबंधी विवाद और सिविल प्रकृति के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने पर बल दिया। इस दौरान उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया। वहीं, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी व अपर जनपद न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) बीरेन्द्र कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को निर्देशित किया कि पैरालीगल वॉलिंटियर्स के माध्यम से लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने जिला मुख्यालय सहित सभी तहसीलों, न्यायालय परिसर, कलेक्ट्रेट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख अस्पतालों, हाट-बाजारों और बैंकों जैसे सार्वजनिक स्थलों पर जनसामान्य को लोक अदालत के लाभों से अवगत कराने तथा जनसहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-1 मोहम्मद रफी, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) त्रिभुवन नाथ, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी द्वितीय मनोज कुमार तिवारी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुभव कटियार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शैलेन्द्र नाथ, अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अरूण कुमार चतुर्थ, सिविल जज (सीनियर डिवीजन/एफटीसी) वकील, न्यायिक मजिस्ट्रेट धम्म कुमार सिद्धार्थ, अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) कक्ष संख्या-1 आदेश कुमार श्रीवास्तव, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) नौगढ़ प्रियंवदा प्रियदर्शिनी, सिविल जज (जूनियर डिवीजन/एफटीसी प्रथम) श्रेय कुमार वर्मा तथा सिविल जज (जूनियर डिवीजन/एफटीसी द्वितीय) शिवेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे।

आर्म्स एक्ट में पचपेड़वा पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

पचपेड़वा(बलरामपुर)- दिनांक 04.11.2026 को थाना पचपेडवा पुलिस टीम द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा जारी वारंट



गिरफ्तारी (वाद सं0 1000019/2019, राज्य सरकार बनाम रूपम कुमार ओझा, मु0अ0सं0 34/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर)से संबन्धित वारण्टी अभियुक्त रुपम ओझा पुत्र अश्वनी ओझा निवासी ग्राम सिसवा थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने हेतु एडीएम को सौंपा गया ज्ञापन

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। समाजसेवी युगल किशोर शुक्ल एडवोकेट एवं पूर्व सांसद प्रत्याशी लोकसभा श्रावस्ती के नेतृत्व में मिलावटी नकली खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने हेतु अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री संदीप केला को ज्ञापन सौपा गया ज्ञापन में बताया गया कि आने वाले पर्व दीपावली एवं भैया दूज के मौके पर बलरामपुर जिले समेत पूरे उत्तर प्रदेश में मिलावटी नकली खोया, नकली पनीर, मिलावटी नकली रेडिमेट मिठाई का बाजार में भरमार होने वाला है जो धड़ल्ले से बिकेगा जिसे लोग खाकर खूब बीमार होंगे अपनी जान जोखिम में डालेंगे इसी तरह में बाजारों में रोज बिकने वाला नकली मिलावटी सरसों तेल, नकली मिलावटी घी, नकली रिफाइंड, नकली मिलावटी सब्जी मसाले, नकली मिलावटी हल्दी पाउडर ,धनिया पाउडर, मिर्च पाउडर, मसाले पाउडर, असली के दामों में खूब बिकते हैं जिन्हें आम जनमानस खाकर हार्ड अटैक, लीवर या किडनी फेल्योर, कैंसर जैसी तरह तरह की गंभीर बीमारियों से लोग ग्रसित होते जा रहे है जिससे आम जनमानस त्रस्त है और मिलावट खोर मालामाल हो रहे हैं बच्चे, वृद्ध



एवं आम जनता बीमारियों से जूझ रही है, मिठाई पर बनाने की तिथि एवं एक्सपायरी डेट लिखा जाए, क्या क्या मिलावट कितनी कितनी मात्रा में है, क्या रेट है आदि लिखकर मिठाई पर लगाएं, और कानपुर, आगरा, लखनऊ आदि महानगरों से बनकर आने वाली रेडीमेड नकली मिठाइयों पर रोक लगाया जाए,नकली घी, नकली मिलावटी तेल, नकली मिलावटी रिफाइन्ड की जाँच कराया जाए, खाद्य उत्पादों में मिलावटखोरी करने वालों एवं नकली खाद्य उत्पाद तैयार करने वाले कारोबारियों की जाँच करवाकर कठोर दंडात्मक कार्यवाही किया जाए साथ ही नकली मिलावटी उत्पाद बाजारों से हटवाया जाना जनहित में लोगों की जिंदगी बचाने हेतु अति आवश्यक है। और दुकानों पर खुली हवा में टिकिया, समोसा, पकौड़ी, ब्रेड पकौड़ा, नमकीन, नमकपारा, चाउमीन, बर्गर, पिज्जा, डोसा आदि बेचने पर प्रतिबंध लगाया जाए, पारदर्शी कवर में ढक कर रखना अनिवार्य किया जाए क्योंकि धूल मिट्टी गंदगी बैक्टीरिया वाइरस खुले में रखे तले भुने खाद्य पदार्थ में पड़ जाते है खाने वाले लोग बीमार हो जाते हैं। सिर्फ शुद्ध खाद्य उत्पादों को बाजार में बेचने की अनुमति दिया जाए, मानवता के दृष्टिगत किसी भी गरीब या छोटे दुकानदार को ज्यादा परेशान न किया जाए, उन्हें गुणवत्ता सुधारने का सुझाव और आखिरी चेतावनी भरा हिदायत भी दिया जाए, चेतावनी के बाद भी 24 घण्टे तय समय सीमा में सुधार न होने पर दंडात्मक कार्यवाही किया जाए इस अवसर पर युगल किशोर शुक्ल के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता गयास अहमद खान, रूपेश कुमार मिश्रा, दीपक तिवारी, संजय पाण्डेय, नृपेन्द्र उपाध्याय,मोहम्मद यासीन,विवेक द्विवेदी, रानी तिवारी, जैद आब्दीन, प्रज्ज्वल वर्मा, अभिनव त्रिपाठी, मो उस्मान, सलमान समेत तमाम विद्वान अधिवक्ता मौजूद रहे, वरिष्ठ अधिवक्ता गयास अहमद खान ने कहा मिठाई के नाम पर जहर परोसी जा रही है, कृत्रिम पदार्थ स्वास्थ्य के लिए बहुत ही नुकसान दायक है।

कुशीनगरः फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस बनाने वाले 2 गिरफ्तार

02 फर्जी लाइसेंस, 10 स्मार्ट कार्ड चिप, 2 लैपटॉप, 2 मोबाइल और प्रिंटर बरामद, 4830 रुपये भी मिले

प्रातः काल एक्सप्रेस ब्यूरो कुशीनगर



कुशीनगर। थाना रविन्द्रनगर धूस पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने फर्जी व कूटरचित ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के मामले में 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 02 फर्जी लाइसेंस, 10 स्मार्ट कार्ड चिप, 02 लैपटॉप, 02 मोबाइल, 01 प्रिंटर-स्कैनर और 4830 रुपये नगद बरामद हुए है।पुलिस के अनुसार अभियुक्त जमीर अहमद द्वारा आरटीओ कार्यालय कुशीनगर के पास ही कंप्यूटर दुकान संचालित की जा रही थी। जमीर और श्यामजी मिलकर फर्जी ऑनलाइन स्मार्ट ड्राइविंग लाइसेंस तैयार कर अवैध धन अर्जित करते थे। ये कंप्यूटर सिस्टम से मूल लाइसेंस की हूबहू नकल बनाकर ग्राहकों से मनमाना पैसा वसूलते थे।

दिन में ये लोग डीएल, बीमा व आरसी आदि के ऑनलाइन कार्य करते हुए आरटीओ आने वाले भोले-भाले ग्राहकों को झांसा देकर उनका डेटा एकत्र करते थे। फिर रात के अंधेरे में इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से फर्जी दस्तावेज तैयार करते थे। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि जिन्हें तत्काल हैवी ड्राइविंग लाइसेंस की जरूरत होती थी, उनका डेटा लेकर फर्जी लाइसेंस बनाकर दे देते थे, जो बिल्कुल असली जैसा दिखता था।

कुशीनगरः पटाखा कारोबारियों को सदर एसडीएम ने दिया सख्त निर्देश, जाम से निपटने के लिए व्यापारियों के साथ की मीटिंग

तय जगह पर ही लगेंगी पटाखा दुकानें, दुकानों के बीच 3 फीट की दूरी अनिवार्य, फायर सिलेंडर-रेत रखना होगा

प्रातः काल एक्सप्रेस ब्यूरो कुशीनगर



पडरौना। दीपावली और त्योहारों के मद्देनजर एसडीएम सदर विवेक कुमार मिश्रा ने सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। प्रशासन ने पटाखा कारोबारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं और त्योहारों के दौरान लगने वाले जाम से निपटने के लिए व्यापारियों व पुलिस प्रशासन के साथ विशेष बैठक की है।

पटाखा कारोबारियों के लिए सख्त दिशा-निर्देश

एसडीएम ने कहा कि पटाखा दुकानों के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। दुकानदारों को प्रशासन द्वारा चुनी गई और आवंटित जगहों पर ही दुकान लगाने का निर्देश दिया गया है। बिना अनुमति के किसी भी स्थान पर दुकान लगाने की सख्त मनाही है।सुरक्षा के लिहाज से दो दुकानों के बीच कम से कम तीन फीट की दूरी रखना अनिवार्य किया गया है, ताकि किसी अप्रिय घटना के समय आग फैलने का खतरा न रहे। प्रत्येक दुकानदार को अपनी दुकान पर फायर सिलेंडर, पानी और बालू से भरी बाल्टियां रखने की हिदायत दी गई है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

व्यापारियों के साथ बैठक, जाम से निपटने की रणनीति

धनतेरस और दीपावली में बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ और ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए प्रशासन गंभीर है। एक दिन पहले ही रूट डायवर्जन और व्यावसायिक वाहनों पर रोक लगा दी जाएगी। त्योहार के मुख्य दिनों में रामधाम पोखरा चौराहे व अन्य व्यस्त मार्गों से सुबह 8 बजे से रात 11 बजे तक व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

बाहर से आने वाले खरीदारों के वाहनों से जाम न लगे, इसके लिए उदित नारायण डिग्री कॉलेज के सामने खाली मैदान, सोसाइटी परिसर और सिंधुआ मार्ग की तरफ विशेष पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। व्यापार मंडल के साथ समन्वय कर बाजारों में सुरक्षा बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रखने और सड़कों पर अतिक्रमण न करने की रणनीति बनाई गई है।

बैठक में क्षेत्राधिकारी सदर राकेश प्रताप सिंह, शहर कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी, तहसीलदार देवेंद्र यादव, नायब तहसीलदार राजेश कुमार, वरिष्ठ कानूनगो श्रीनिवास प्रसाद, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सचिन कुमार चौरसिया, पूर्वांचल व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सैनी, वरिष्ठ व्यापारी लाल बाबू गुप्ता समेत कई दुकानदार व व्यापारी मौजूद रहे।

धमौली में बहू-बेटी सम्मेलन का हुआ आयोजन

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस



पचपेड़वा(बलरामपुर)- दिनांक 04/11/2026 थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर के अंतर्गत ग्राम धमौली में महिला आरक्षी व मिशन शक्ति टीम द्वारा बहु बेटी सम्मेलन और सुगमकर्ताओं द्वारा आयोजित बहु बेटी सम्मेलन में भाग लेकर प्रथम गतिविधि ङ'हमारा संबंध जाल'ङ कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को पारिवारिक और सामाजिक संबंधों में आपसी विश्वास, सम्मान, समानता, सहयोग एवं संवाद के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। प्रतिभाग करने वाली महिलाओं व बालिकाओं को यह संदेश दिया गया कि मजबूत पारिवारिक एवं सामाजिक संबंधों के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी को महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा तथा सकारात्मक पारिवारिक वातावरण बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। एवं विभिनन्-हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई, तथा पंपलेट वितरण किया गया।

गोविंदपुर बनेगा मॉडल जैविक ग्राम, खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को किया जागरूक

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशांबी। खेतों की उर्वरता बनाए रखने और जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकास खंड नेवादा के ग्राम गोविंदपुर में कृषि विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव को मॉडल जैविक ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने कहा कि जैविक खेती से मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर होता है और पोषक तत्वों से भरपूर अनाज पैदा होता है। उन्होंने बीडीओ को पात्र किसानों की सूची बनाकर वर्मी कम्पोस्ट पिट निर्माण शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। मृदा वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उर्वरक उपयोग, पराली प्रबंधन, मल्चिंग और ढैंचा जैसी हरी खाद के महत्व पर जानकारी दी। इफको प्रतिनिधि आशीष पटेल ने वेस्ट डीकंपोजर और नैनो उर्वरकों के बारे में बताया। प्रगतिशील किसान उदय सिंह ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक सतेन्द्र तिवारी, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीके सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने 200 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड और 35 गायों के प्रमाण पत्र वितरित किए।

मारपीट के आरोप में चार के विरुद्ध केस दर्ज

प्रातः काल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव से स्कूल से घर जा रहे शिक्षक व उसके भाई के साथ कुछ लोग मिलकर मारपीट कर धमकी देने लगे, पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।कड़ा धाम थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद निवासी फैसल रजा पुत्र मो जावेद ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका भाई अहमद रजा स्कूल से घर जा रहा था, इस दौरान रास्ते में कुछ लड़के छींटाकसी करते हुए मारपीट करने लगे, बीच बचाव के दौरान उसके साथ भी मारपीट कर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित की शिकायत पर कड़ा धाम पुलिस ने फरीदागंज प्रदीप, अतुल, आकाश एवं एक अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

एक दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का किया गया आयोजन

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। बुधवार को उप निदेशक कृषि अश्वनी कुमार सिंह के निर्देशन में एक दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव/मेला कार्यक्रम का आयोजन कृषि भवन प्रतापगढ़ में किया गया.कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ श्री ओमकार राणा पीईएस के आदेशानुसार प्रधानाचार्य राजकीय उमावि सराय आनादेव प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह व उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ डॉ अनीस के संयोजन में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया,जिसमें राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ की छात्राएं उमर जमील व अन्य के साथ के संयोजन में, बीएसएस एकेडमी प्रतापगढ़ की छात्राएं प्रबंधक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन व उप प्रधानाचार्य धर्म राज मौर्य, संगीत शिक्षक प्रीतम राज बनौधा के संयोजन में, आत्रेय एकेडमी प्रतापगढ़ की छात्राएं प्रबंधक संदीप श्रीवास्तव के निर्देशन व गाइड शिक्षकों सपना मिश्रा और श्रेय के संयोजन में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. छात्राओं की प्रस्तुति को उप निदेशक कृषि अश्वनी कुमार सिंह द्वारा प्रशंसा किया गया तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग विभाग सराहनीय योगदान के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ ओमकार राणा पीईएस के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

आवागमन एवं जलनिकास की समस्या लेकर महिलाएं पहुंची थाना

प्रातः काल एक्सप्रेस

संग्राम गढ़। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत डंडिया मजरे खनवारी ग्राम पंचायत में वर्षों पुरानी नाली और सार्वजनिक रास्ते को अवैध रूप से गांव के एक व्यकित द्वारा बंद कर लिया गया है। संगीता देवी पतने विमल कुमार सरोज ने बताया कि दिनांक 4 नवंबर 2026 को गांव के ही कुछ लोग ने मिलकर गांव के पानी की निकासी को पूरी तरह से बंद कर दिया। जबकि नाली लगभग 50 वर्ष पुरानी है, गांव के पानी की निकासी का मुख्य जल निकासी इसी नाली से होती है नाली बंद होने के साथ-साथ ग्रामीणों के आने-जाने का मुख्य रास्ता भी बाधित कर दिया गया है। महिलाओं का कहना है कि रास्ता बंद होने से अब खेतों तक ट्रैक्टर या अन्य वाहन नहीं जा पा रहे हैं। कृषि कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है। पीड़ित गीता देवी, गायत्री देवी, श्वेता देवी, रवि ने प्रशासन से नाली पर से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

धनतेरस और दीपावली पर शहर में बदली यातायात व्यवस्था, 8 नवंबर तक लागू रहेगा रूट डायवर्जन

सुबह 9 से रात 9 बजे तक वन-वे व्यवस्था लागू, प्रमुख बाजारों में बनाए गए नो-व्हीकल जोन, नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्यवाही

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। धनतेरस एवं दीपावली के त्योहार को देखते हुए शहर के प्रमुख बाजारों में लगने वाले जाम से निजात दिलाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया है। इसके तहत 4 नवंबर से 8 नवंबर 2026 तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक वन-वे एवं रूट डायवर्जन व्यवस्था प्रभावी रहेगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में लागू की गई इस व्यवस्था के तहत कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया गया है, यातायात प्रभारी संजय सिंह नेतृत्व में कुछ मार्गों को नो-व्हीकल जोन घोषित किया गया है।शास्त्री चौराहा से चार पहिया, तीन पहिया एवं भारी वाहन नौरंगाबाद चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे।नौरंगाबाद चौराहा से चार पहिया, तीन पहिया एवं भारी वाहन तिकोनिया की तरफ प्रतिबंधित रहेंगे।तिकोनिया तिराहा



से दोपहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया सहित कोई भी वाहन नगर पालिका चौराहा की तरफ नहीं जा सकेगा। यह मार्ग नो-व्हीकल जोन रहेगा।सीओ सिटी चौराहा से दोपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहन पक्का तालाब चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे।राजागंज चौराहा से दोपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहन नगर पालिका चौराहा की तरफ प्रतिबंधित रहेंगे।नगर पालिका चौराहा से तिकोनिया तिराहा तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। यह मार्ग नो-व्हीकल जोन रहेगा। नया शहर चौकी/साबितगंज तिराहा से दोपहिया वाहनों को छेड़कर अन्य वाहन तहसील चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे। रामगंज चौराहा से दोपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों का तहसील चौराहा की तरफ आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।रंगलाल चौराहा से दोपहिया वाहनों को छेड़कर अन्य वाहन तहसील चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे। गाड़ीपुरा चौराहा से दोपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों को तहसील चौराहा की तरफ जाने की अनुमति नहीं होगी।कोतवाली चौराहा (रामू डोसा चौराहा) से दोपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहन नगर पालिका चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे।सदर विधायक आवास वाली गली से दोपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहन मकसूदपुरा की तरफ नहीं जा सकेंगे।पुलिस ने की सहयोग की अपील पुलिस ने आमजन एवं वाहन चालकों से अपील की है कि त्योहारों के दौरान निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करें और अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए निर्धारित रूट एवं डायवर्जन का ही प्रयोग करें। यातायात पुलिस और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों का सहयोग करें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों एवं निर्धारित रूट डायवर्जन का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

खाद-बीज की किल्लत पर किसानों नेताओं का 24 घंटे तक रहा धरना

24 घंटे बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्या दूर कराने की मांग, समाधान नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

प्रातः काल एक्सप्रेस

जसवंतनगर/इटावा। खाद और बीज की किल्लत से परेशान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में लगातार 24 घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। बुधवार सुबह 11 बजे किसानों ने उप जिलाधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपकर सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। साथ ही समस्या का समाधान नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी। धरने की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष अरुण कुमार गुड्डन ने की। किसान नेताओं ने कहा कि रबी फसलों की बुवाई का समय चल रहा है और इस समय किसानों को खाद की सबसे अधिक जरूरत है, लेकिन सहकारी



समितियों पर ताले लटके है। खाद नहीं मिलने के कारण किसान सुबह से शाम तक भटकने को मजबूर हैं। समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से खेती का काम प्रभावित हो रहा है। यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बुवाई प्रभावित होने के साथ फसलों के उत्पादन पर भी असर पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था पारदर्शी बनाने की मांग की, जिससे सभी किसानों को समय से खाद मिल सके। इस पर एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह ने आश्वस्त किया कि निर्धारित मानकों के अनुसार किसानों को खाद मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने समस्या का समाधान कराने का भरोसा दिया। धरने में तहसील उपाध्यक्ष मनोज कुमार, मुख्तार सिंह, विनीत कुमार, तहसील सचिव अनिल कुमार, परवेश कुमार, तहसील प्रवक्ता रामनारायण, जिला महासचिव चंदजीत, जिला प्रवक्ता मुनेन्श सिंह, तहसील संरक्षक अनार सिंह, ब्लॉक संरक्षक मनमोहन सिंह, राय सिंह, मनोज यादव, शिवराज सिंह, पंकज यादव, होतीलाल और राजेश्वर दयाल सहित बड़ी संख्या में किसान एवं यूनियन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

माय भारत के तत्वावधान में वोट के बारे में युवा संवाद

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माय भारत की ओर से नो योर वोट विषय पर युवा संवाद आयोजित किया गया। युवाओं को एसआईआर, उसके कानूनी आधार और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में युवाओं ने मतदाता सूची में नाम शामिल कराने की पात्रता, नाम-पते में संशोधन की प्रक्रिया और एसआईआर के महत्व पर सवाल पूछे, जिनके सटीक जवाब दिए गए। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनील यादव और कॉलेज प्रबंधक शिव मोहन यादव ने युवाओं के सवालों के जवाब दिए। युवा आइकन इरम वारसी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एसआईआर प्रक्रिया और निर्वाचन संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी। माय भारत की उपनिदेशक सोनिका चंद्रा के निर्देशन में श्री तिरुपति बालाजी पीजी कॉलेज, छिमारा सैफई में आयोजित कार्यक्रम में साई सैफई केंद्र के अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी ऋषिराज ध्रुव को सम्मानित किया गया।



त्यौहार के मद्देनजर औरैया में खादय विभाग की बड़ी कार्रवाई, 110 किलो दूषित मिठाई नष्ट

मिलावट खोरों में मचा हड़कंप संदेह में 39 नमूने लिए, रिपोर्ट आने पर कारोबारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। दीपावली पर्व को देखते हुए खादय सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। खादय सुरक्षा विभाग की टीम ने जिले के विभिनन कस्बों और बाजारों में मिठाई की दुकानों सहित खादय प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर 39 नमूने संग्रहित किए। वहीं, दूषित मिठाइयां, खोया और पनीर सहित करीब 110 किलोग्राम खादय सामग्री नष्ट कराई। नष्ट की गई सामग्री की अनुमानित कीमत 23,950 रुपये बताई गई है।

प्रमुख सचिव खादय सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. रोशन जैकब और जिलाधिकारी बृजेश कुमार के निर्देश पर सहायक आयुक्त खादय सुनील कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। मुख्य खादय सुरक्षा अधिकारी



राजीव कुमार वर्मा के साथ खादय सुरक्षा अधिकारी विजय कुमार श्रीवास और अनिल कुमार संखवार ने औरैया, दिबियापुर, बिधूना, मुरादगंज, नारायणपुर, असेनी और जालौन रोड सहित विभिनन स्थानों पर जांच की। टीम ने पाल स्वीट हाउस, शिवाजी स्वीट हाउस, बालाजी स्वीट हाउस, राधे-राधे स्वीट्स, मुरली स्वीट हाउस, रमाकांत स्वीट हाउस, शिव शंभू स्वीट हाउस, पोरवाल स्वीट हाउस सहित कई प्रतिष्ठानों से खोया, छेना मिठाई, मिल्क केक, पनीर, बर्फी, लड्डू, दूध और मसालों के नमूने लिए। सभी नमूनों को जांच के लिए खादय विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। मौके पर मिली कमियों के संबंध में संबंधित कारोबारियों को सुधार नोटिस जारी किए जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद खादय सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त खादय सुनील कुमार ने कारोबारियों से खादय लाइसेंस, खरीद-बिक्री के बिल, स्टॉक रजिस्टर और कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाणपत्र उपलब्ध रखने तथा खादय सामग्री अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से खरीदने की अपील की। उन्होंने आमजन से भी मिलावटी खादय पदार्थों की बिक्री की सूचना खादय सुरक्षा विभाग के कलेक्ट्रेट मुख्यालय ककोर में लिखित रूप से देने का आग्रह किया।

अजीतमल महाविदयालय में शिक्षकों ने कार्य के दौरान काली पट्टी बांधकर किया विरोध दर्ज

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुपुक्टा) के आह्वान पर प्रदेश के सभी 331 महाविद्यालयों के शिक्षकों ने आंदोलन के प्रथम चरण में 2, 3 एवं 4 नवंबर 2026 को काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। गुरुवार को 30 सूत्रीय मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार को जिलाधिकारी के माध्यम से मांग पत्र सौपा जाएगा। कूटा इकाई के अध्यक्ष डॉ. योगेश कुमार साहू ने बताया कि प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन बहाली, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष, चिकित्सीय अवकाश, पीएचडी इंक्रीमेंट, स्ववित्तपोषित शिक्षकों को यूजीसी वेतनमान और ग्रेच्युटी भुगतान शामिल है। उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ के उपाध्यक्ष डॉ. श्री प्रकाश यादव ने बताया कि यदि शासन द्वारा समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो 17, 18 एवं 19 नवंबर को लखनऊ के इको गार्डन में प्रदेशभर के सभी शिक्षक पहुंचकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। यदि सरकार कुंभकर्णी निद्रा में सोई रही, तो वहीं बैठक कर आमरण अनशन की चेतावनी दी है।इस अवसर पर डॉ. उपेंद्र कुमार, डॉ. अजय कुमार, डॉ. राम बहादुर यादव, डॉ. भूपेंद्र कुमार, डॉ. सुग्रीव मौर्य, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. लव कुश, डॉ. बृज किशोर एवं डॉ. अभिषेक दुबे आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

दीपावली पर घटतौली रोकने को मिष्ठान, सराफा और गैस एजेंसी प्रतिष्ठानों पर छापेमारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। जनपद में घटतौली की लगातार मिल रही शिकायतों पर सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान कानपुर संभाग के आदेश पर वरिष्ठ निरीक्षक जीपी यादव और सहायक निरीक्षक संजय कुमार ने जिले में छापेमारी की। टीम ने लोहा मंडी बिधूना, सहार, बेला, अछल्दा, याकूबपुर और सदर औरैया में प्रतिष्ठानों की जांच की। याकूबपुर इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी पर तौल उपकरण का पुनः सत्यापन मुद्रांकन न कराने पर कार्रवाई की गई। एक गैस एजेंसी जांच के दौरान बंद मिली।सदर औरैया में रमाकांत स्वीट हाउस सुभाष चौक और राधे-राधे स्वीट हाउस पर तौल सही पाई गई। जबकि श्री कान्हा जी स्वीट हाउस, श्री बांके बिहारी स्वीट हाउस और बंगाली स्वीट हाउस आशा देवी मंदिर के पास मिठाई में घटतौली पाई गई। सराफा प्रतिष्ठानों में आराध्या ज्वेलर्स, ओम जी ज्वेलर्स और एमजी ज्वेलर्स की मशीनें सत्यापित मिलीं, जबकि लक्ष्मी ज्वेलर्स एंड ब्रेकर्स की मशीन असत्यापित पाई गई। नई दुकानों पर कमियां मिलने पर नोटिस जारी किए गए।

एक्सपायरी सामग्री मिलने पर हड़कंप, एक क्विंटल छेना नष्ट

प्रातः काल एक्सप्रेस

जसवंतनगर/इटावा। दीपावली से पहले खादय सुरक्षा विभाग ने बुधवार को नगर क्षेत्र में छापेमारी की। मुख्य खादय सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार के नेतृत्व में टीम ने दूध विक्रेता और मिठाई दुकानों पर जांच कर दूध, मावा और छेना के नमूने लिए। फक्कड़पुरा मार्ग स्थित कमलेश हलवाई नीलकंठ मिष्ठान भंडार पर करीब एक क्विंटल छेना मौके पर नष्ट कराया गया। दुकान से एक्सपायरी डेट के रंग, एसेंस और पाउडर भी मिले। बताया जाता है कि आगरा जिले की बाह तहसील क्षेत्र से नकली पनीर, छेना और खोया की गाड़ियां तड़के जसवंतनगर पहुंचती है। पिछले साल भी लखेरा कुआं पर कई क्विंटल पनीर-छेना पकड़ा गया था। कार्रवाई के दौरान खादय सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार, जयपाल सिंह, राघवेंद्र प्रताप वर्मा, कपिल गुप्ता और पुलिस बल मौजूद रहा।

शिक्षिका रानी विश्वकर्मा हत्याकांड पर सपा नेताओं ने जताया दुख, सरकार पर साधा निशाना

प्रातः काल एक्सप्रेस

लखनऊ । गोरखपुर जिले के चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र के झंगहा थाना अंतर्गत खुरूहुरी (बोहाबार) गांव निवासी शिक्षिका रानी विश्वकर्मा की हत्या को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने दुख जताया है। सपा नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। सपा नेता एवं पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा, बृजेश गौतम, डीपी यादव, मुनने लाल यादव, मंतोष यादव, दूधनाथ केवट और जितेंद्र यादव ने परिवार से मिलकर घटना पर शोक व्यक्त किया। इस दौरान डीपी यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में बहन-बेटियों की सुरक्षा को लेकर सरकार के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। 31 अक्टूबर को रानी की हत्या के बाद जिस तरह आरोपी उसके शव को लेकर दिनभर घूमते रहे, उससे अपराधियों में कानून का भय न होने की स्थिति सामने आती है।

नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

डीएनए की सैंपलिंग कराई न्यायालय के आदेश पर भेजा जेल

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। बिधूना थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमे में पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाते हुए आरोपी की डीएनए सैंपलिंग भी कराई है। बिधूना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अक्टूबर में किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में रजनीश पुत्र चंद्रभान वांछित चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को बिधूना-अछल्दा मार्ग पर बाबा साल के पास से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी विनेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी की डीएनए सैंपलिंग साक्ष्य संकलन के उद्देश्य से कराई गई है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

हाईकोर्ट में अधिवक्ताओं के कथित अपमान और कालपी बार अध्यक्ष की हत्या के विरोध में कचहरी ठप

हजारों अधिवक्ताओं ने कलम बंद हड़ताल कर निकाला जुलूस, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। इलाहाबाद हाईकोर्ट में अधिवक्ताओं के साथ कथित आपत्तिजनक व्यवहार और जालौन जिले के कालपी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गयादीन अहिरवार की निर्मम हत्या के विरोध में बुधवार को इटावा में अधिवक्ताओं का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन एवं सिविल बार एसोसिएशन के नेतृत्व में हजारों अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए कलम बंद हड़ताल की और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।



डिस्ट्रिक्ट बार अध्यक्ष एडवोकेट राजेश कुमार त्रिपाठी एवं सिविल बार अध्यक्ष संजय दुबे उर्फ पप्पन की अगुवाई में अधिवक्ता एकजुट हुए। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर से होते हुए सत्र न्यायालय के कार्यालयों में पहुंचकर न्यायिक कार्य बंद कराया। इसके बाद कचहरी रोड पर धरना देकर जाम लगाया और नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। त्रिपाठी ने कहा कि हाईकोर्ट में अधिवक्ताओं के साथ हुए अपमानजनक व्यवहार से प्रदेशभर के अधिवक्ता आहत हैं। सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अधिवक्ताओं ने दिल्ली पुलिस के एसीपी को बर्खास्त करने, कालपी हत्याकांड के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता देने की मांग की। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य नारायण पांडे, राजीव चंद्र त्रिपाठी, बजेंद्र गुप्ता, कृपानंद बाजपेयी, महामंत्री अजय शुक्ल, मीडिया प्रभारी अमित तिवारी, राजवीर सिंह चौहान, रीना यादव, अमित चौरसिया सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

पुलिस ने पेट्रोल पंप एवं रेलवे स्टेशन पर साइबर जागरूकता अभियान चलाया

कर्मचारियों एवं यात्रियों को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा पेट्रोल पंप पर कार्यरत कर्मचारियों एवं रेलवे स्टेशन इटावा पर उपस्थित यात्रियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान त्योहारों के दृष्टिगत काजी पेट्रोल पंप के कर्मचारियों को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कैश प्राप्त करने एवं संदिग्ध लेन-देन के प्रति सतर्क रहने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को टिकट बुकिंग एवं रिजर्वेशन के नाम पर होने वाली साइबर धोखाधड़ी, फर्जी टिकट एवं ऑनलाइन भुगतान से संबंधित फ्रॉड के प्रति जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त विभिनन प्रकार के साइबर अपराधों एवं उनसे बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के साथ अपना ओटीपी, बैंकिंग विवरण अथवा व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या अनजान लिंक पर क्लिक न करे, टिकट बुकिंग एवं रिजर्वेशन के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट अथवा विश्वसनीय माध्यमों का ही प्रयोग करें, व्हाट्सएप हैकिंग, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड से सतर्क रहें, साइबर वित्तीय धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

जीएसटी धोखाधड़ी में फंसे 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर दी जान

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जैनपुर निवासी 22 वर्षीय युवक ने शेखूपुर हार में पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने सुसाइड नोट में अलीगढ़ में उसके नाम पर फर्जी फर्म बनाकर 9 करोड़ का लेनदेन करने और पुलिस अधिकारियों द्वारा मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मृतक गजेंद्र सिंह पुत्र शिवप्रसाद बीएससी के बाद आईटीआई की तैयारी कर रहा था। उसने मरने से पहले बड़े भाई दीपेंद्र और छोटे भाई

धौरहरा रोजगार मेले में 387 युवाओं को मिली नौकरी, खिले चेहरे

बीकेटी टायर्स से टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स तक पांच से अधिक कंपनियों ने लिया हिस्सा, आईटीआई और नॉन आईटीआई अभ्यर्थियों का हुआ चयन

डॉ0रईस अहमद उस्मानी
प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी, 04 नवंबर। युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बुधवार को राजकीय आईटीआई धौरहरा में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में देश की प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग कर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। विभिनन कंपनियों की चयन प्रक्रिया के माध्यम से आईटीआई एवं नॉन आईटीआई के कुल 387 अभ्यथिर्यों का चयन किया गया। चयन की सूचना मिलते ही युवाओं के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने चयनित अभ्यथिर्यों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए।

रोजगार मेले में बीकेटी टायर्स, कृष्णा मारुति लिमिटेड, ब्रिकिट वेयरहाउस, एपटिप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सहित विभिनन कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यथिर्यों की शैक्षिक योग्यता, तकनीकी दक्षता एवं निर्धारित मानकों के आधार पर चयन प्रक्रिया संपनन कराई। इसमें आईटीआई उत्तीर्ण 165 अभ्यथिर्यों तथा नॉन आईटीआई के 222 अभ्यथिर्यों का चयन किया गया। इस प्रकार कुल 387 युवाओं को रोजगार का अवसर मिला।

रोजगार की राह खुली, 387 युवाओं का चयनङ

मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विभिनन कंपनियों की सहभागिता से अभ्यथिर्यों को अपनी योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार पाने का अवसर मिला। रोजगार मेले के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों से जुड़ने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

अधिकारियों की मौजूदगी में संपनन हुआ आयोजनङ

रोजगार मेले की अध्यक्षता राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश कुमार श्रीवास्तव, जिला सेवायोजन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी साक्षी डागुर ने की। आयोजन को सफल बनाने में अनुदेशक एवं सुरक्षा प्रभारी श्यामू विश्वकर्मा, कनिष्ठ सहायक सनोज कुमार तथा अनुदेशक सुजीत कुमार यादव सहित संस्थान के अन्य कर्मचारियों ने विशेष योगदान दिया।

रायकवार समाज ने किया डॉ. महेश कश्यप का भव्य स्वागत एवं सम्मान

डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलने पर लक्ष्मी गेट स्थित मंदिर परिसर में हुआ कार्यक्रम, विधानसभा चुनाव में समर्थन का दिया आश्वासन



झाँसी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. महेश कश्यप को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त होने के उपलक्ष्य में रायकवार समाज द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लक्ष्मी गेट के पास स्थित रायकवार समाज के मंदिर परिसर में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में रायकवार समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से डॉ. महेश कश्यप का जोरदार स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान मंदिर परिसर में काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। माहौल पूरी तरह से आत्मीयता और उत्साह से भरा रहा।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. महेश कश्यप ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को प्राथमिकता देना तथा उसके सामाजिक, आर्थिक एवं सर्वांगीण कल्याण के लिए निरंतर कार्य करना है। समाज के हर वर्ग को सम्मान, अधिकार और अवसर दिलाना ही हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से दबे-कुचले, पिछड़े और वंचित वर्गों के हक की लड़ाई लड़ती आई है और आगे भी यही संघर्ष जारी रहेगा।कार्यक्रम के दौरान रायकवार समाज के लोगों ने डॉ. महेश कश्यप को आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए अपना पूर्ण समर्थन एवं सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। समाज के लोगों ने कहा कि वे पार्टी को मजबूत करने के लिए हर संभव सहयोग करेंगे।इस आत्मीय स्वागत एवं सम्मान के लिए डॉ. महेश कश्यप ने रायकवार समाज के सभी सम्मानित लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज की सेवा के लिए और अधिक ऊर्जा देगा।

एनईईटी अभ्यथिर्यों के लिए उपयोगी साबित होगी 'बायो विसेन' पुस्तक

डॉ. अनुराग सक्सेना की पुस्तक का बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में हुआ विमोचन, स्मृति तकनीक से जीव विज्ञान को बनाया गया सरल

झाँसी । बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के गांधी सभागार में बुधवार को डॉ. अनुराग सक्सेना द्वारा लिखित पुस्तक 'बायो विसेन : नीट अभ्यथिर्यों के लिए कक्षा 12 की संपूर्ण एनसीईआरटी जीव विज्ञान' का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी के पूर्व कुलपति प्रो. अरविंद कुमार तथा विशेष अतिथि के रूप में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव ज्ञानेंद्र कुमार एवं झाँसी के वरिष्ठ समाजसेवी नरेश गुप्ता (राजू रक्सा) और जलज गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के भौतिक चिकित्सा विभाग के डॉ. सत्येंद्र सिंह के संयोजन में किया गया। पुस्तक विशेष रूप से राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसमें कक्षा 12 की एनसीईआरटी जीव विज्ञान की विषयवस्तु को सरल और रोचक तरीके से याद कराने के लिए स्मृति सहायक शिक्षण तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को कठिन विषयों और महत्वपूर्ण तथ्यों को समझने तथा लंबे समय तक याद रखने में सहायता मिल सकेगी।

पुस्तक की रूपरेखा तैयार करने, डिजाइनिंग और डिजिटल प्रस्तुति में प्रतीक्षा मिश्रा, अध्ययन तिवारी, रितेश सैनी, अंकिता मिश्रा, माही, अनूप एवं शिविता ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय ने सभी विद्यार्थियों को उनके रचनात्मक एवं तकनीकी योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

पुस्तक का प्रकाशन मेमोनिक अकादमी द्वारा किया गया है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. नीतू सक्सेना, डॉ. नूपुर गौतम, डॉ. ममता सिंह एवं डॉ. ज्योति मिश्रा ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मंडी में घटतौली मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई : जिलाधिकारी

एसडीएम मऊरानीपुर ने धर्मकांटा और किसान विश्राम गृह का किया निरीक्षण

झाँसी। जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी मऊरानीपुर मनोज कुमार भारती ने कृषि उत्पादन मंडी समिति मऊरानीपुर स्थित धर्मकांटा और किसान विश्राम गृह का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मंडियों में किसानों की फसलों की सही तुलाई सुनिश्चित की जाए और उन्हें उपज का उचित मूल्य मिले। घटतौली किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी।

निरीक्षण के दौरान मंडी के मुख्य द्वार के पास स्थित 50 टन क्षमता का धर्मकांटा सुचारू रूप से संचालित मिला। किसानों की उपज की यहां निःशुल्क तुलाई कर रसीद भी उपलब्ध कराई जाती है। वहीं विधिक माप विज्ञान विभाग की जांच में एक वे-ब्रिज कांटा सही पाया गया, जबकि दूसरा करीब एक माह से खराब मिला।

एसडीएम ने किसान विश्राम गृह में बेड, वॉशरूम और शौचालय सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया, जो संतोषजनक पाई गईं। मंडी परिसर में अवैध रूप से लगे ठेलों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही फुटकर विक्रेताओं और व्यापारियों की सूची दो दिन में उपलब्ध कराने तथा बिना लाइसेंस खरीद करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश मंडी सचिव को दिए गए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार एवं विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

मिठाई की दुकानों पर एफडीए का छापा, खोया व मिठाइयों के नमूने भरे

झाँसी। दीपावली पर्व के मद्देनजर जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सीपरी बाजार स्थित केवल दूध एंड स्वीट्स भंडार एवं रसबहार स्वीट्स पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान खोया, डोडा बर्फी और छेना रसगुल्ला के नमूने लेकर जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए। प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई एवं रखरखाव में कमी मिलने पर सुधार के लिए नोटिस जारी किए गए।सहायक आयुक्त खाद्य पवन कुमार ने बताया कि खाद्य सुरक्षा टीम ने सखी के हनुमान मंदिर क्षेत्र में मोबाइल लैब वैन के माध्यम से प्रसाद विक्रेताओं और आमजन को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही डोम-24 उपकरण से खाद्य कारोबारियों के इस्तेमाल किए जा रहे गर्म तेल की शुद्धता की जांच कर सुरक्षित खाद्य तेल के उपयोग की जानकारी दी।उन्होंने खाद्य कारोबारियों से अनिवार्य रूप से खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण कराने की अपील की।

पुलिस-अधिवक्ता विवाद पर जिला अधिवक्ता संघ ने रखा अपना पक्ष, षड्यंत्र के आरोपों पर दी सफाई

अध्यक्ष प्रमोद शिवहरे और महामंत्री छोटेलाल वर्मा की संयुक्त प्रेस वार्ता, पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला सहित कुछ लोगों पर लगाए गंभीर आरोप

झांसी। पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच पिछले एक सप्ताह से चल रहे विवाद को लेकर जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी ने अपना पक्ष स्पष्ट किया। कलेक्ट्रेट स्थित शंकर सहाय भवन में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में संघ के अध्यक्ष प्रमोद शिवहरे एवं महामंत्री छोटेलाल वर्मा ने पूरे घटनाक्रम पर विस्तार से जानकारी देते हुए कुछ लोगों पर सुनियोजित तरीके से विवाद को बढ़ाने और पुलिस तथा अधिवक्ताओं के बीच टकराव की स्थिति उत्पनन करने के आरोप लगाए। अध्यक्ष प्रमोद शिवहरे ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच दरार पैदा करने का प्रयास किया गया, जिससे शहर की शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका थी। उन्होंने पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला से जुड़े कुछ अधिवक्ताओं संदीप यादव, अनिल श्रीवास्तव उर्फ सुल्टी, राजेश श्रीवास्तव, अरविंद अहिरवार उर्फ रविंद्र नगरा, तहजीब बानो उर्फ नंदनी एवं ईशान मिश्रा का नाम लेते हुए विवाद को बढ़ावा देने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बीते दिनों अध्यक्ष एवं महामंत्री के पुतले जलाकर माहौल को दोबारा तनावपूर्ण बनाने का प्रयास किया गया, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

प्रेस वार्ता में मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ताओं आरसी दीक्षित, फरीद अहमद उर्फ शरीफ, मदन बबेले, बृजेंद्र सिंह यादव एवं प्रभात कुमार शर्मा ने वर्तमान कार्यकारिणी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि पूर्व में अधिवक्ताओं के विरुद्ध कथित फर्जी मुकदमे दर्ज कराने और उन्हें परेशान किए जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। वर्तमान कार्यकारिणी ने अधिवक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए निष्पक्षता और ईमानदारी से निणन्य लेने का प्रयास किया है। वहीं महामंत्री छोटेलाल वर्मा ने भी पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला सहित कुछ अन्य लोगों का नाम लेते हुए गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने पिछले दिनों हुए घटनाक्रम को कथित साजिश का हिस्सा बताते हुए कहा कि जिस घटना को दुर्घटना के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, उसके पीछे भी षड्यंत्र की आशंका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरे प्रकरण में तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मानहानि के संबंध में कानूनी कदम उठाने की बात भी कही।संघ पदाधिकारी रोमेश अग्रवाल एडवोकेट द्वारा भेजे गए पत्र में प्रस्तुत तथ्यों पर भी अध्यक्ष एवं महामंत्री ने आपत्ति जताई। उन्होंने कुछ तथ्यों को गलत बताते हुए अपने पक्ष के समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत किए। महामंत्री ने संघ के कार्यकाल और कार्यप्रणाली को लेकर कहा कि कार्यकारिणी के सभी निणन्य निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार लिए जाएंगे और अधिवक्ताओं का हित सर्वोपरि रहेगा।संयुक्त प्रेस वार्ता में पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवक्ता समाज की एकता, सम्मान और संगठन की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी विवाद का समाधान आपसी संवाद, संवैधानिक मर्यादा और विधिक प्रक्रिया के माध्यम से ही किया जाना चाहिए।अंत में महामंत्री छोटेलाल वर्मा ने उपस्थित अधिवक्ताओं एवं मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

मेहंदी बाग की महाकाली के दरबार में पहुंचे डॉ. संदीप सरावगी, मां काली की आरती कर लिया आशीर्वाद

झांसी। मेहंदी बाग स्थित मां अमावस्या भद्रकाली के दरबार में आयोजित विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रम में डॉ. संदीप सरावगी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजक मंडल ने तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके उपरांत डॉ. संदीप सरावगी ने मां काली की विधि-विधान से आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि मां काली शक्ति, साहस और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक हैं। भारतीय संस्कृति में शक्ति उपासना का विशेष महत्व है। मां भगवती की आराधना हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, निर्बलों की सहायता करने और समाज में सकारात्मकता बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन हमारी आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने के साथ-साथ समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश भी देते हैं। मां काली से प्रार्थना है कि सभी भक्तों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए तथा सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हों।

आयोजन के दौरान मां अमावस्या भद्रकाली की महिमा, अमावस्या की रात्रि में साधना एवं पूजन के विशेष महत्व पर प्रकाश डाला गया। मान्यता के अनुसार दीपावली से नौ दिन पूर्व मां की विशेष पूजा एवं साधना की जाती है। दीपावली की अमावस्या की पावन रात्रि में भक्त मां की आराधना कर सुख-समृद्धि एवं मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना करते हैं।

कार्यक्रम में महाराज प्रवीण दुबे सहित आशु राय, हर्षित भैया, संजय भैया, राहुल भैया, पवन, कृष्ण, रोहित, बंटी, ऋषभ, राघवेंद्र, सौरभ, प्रह्लाद, अमूल्य, कृष, दीप एवं गौरव सहित आयोजन मंडल के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मां भद्रकाली के दर्शन कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

प्रसव के दौरान लापरवाही से महिला की मौत का आरोप, एसएसपी से शिकायत

बिना चिकित्सक के ऑपरेशन करने का आरोप, अस्पताल संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग

झाँसी। टहरौली थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हरिया निवासी रणजीत सिंह राजपूत ने न्यू शिवाय हॉस्पिटल में कथित चिकित्सकीय लापरवाही के चलते अपनी बहन की मौत होने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। पीडि़त ने अस्पताल संचालक अनुराग तिवारी, राजेन्द्र कुशवाहा एवं अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में रणजीत सिंह ने बताया कि 10 अक्टूबर 2026 को प्रसव पीड़ा होने पर वह अपनी बहन को झाँसी लेकर आया था। गांव की जीएनएम अनामिका गौतम ने उसे न्यू शिवाय हॉस्पिटल में भर्ती कराया। आरोप है कि उसी रात करीब 9:41 बजे बिना चिकित्सक की मौजूदगी में ऑपरेशन किया गया, जिसमें बच्ची का जन्म हुआ। इसके बाद बहन की हालत बिगड़ने लगी। अगले दिन सुबह हालत गंभीर होने पर अस्पताल कर्मचारियों ने उसे दूसरे अस्पतालों में ले जाने का प्रयास किया। अंततः पीताम्बरा हॉस्पिटल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पीडि़त का आरोप है कि बहन की मौत के बाद जब उसने अस्पताल संचालकों से लापरवाही के संबंध में सवाल किया तो उसके साथ अभद्रता की गई और अधिकारियों तक पहुंच होने की धमकी दी गई।

रणजीत सिंह ने एसएसपी से अस्पताल के पंजीकरण, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं और संचालन की निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उसने कहा कि मां को खो चुकी नवजात बच्ची को न्याय दिलाने के लिए दोषियों पर कार्रवाई जरूरी है।

अपना दल (एस) के राष्ट्रीय सचिव बने कालका पटेल मुखिया

झांसी। अपना दल (एस) के वरिष्ठ नेता कालका पटेल मुखिया को पुनः पार्टी का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में इलाहाबाद-झांसी सनतक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी शिवशंकर पटेल ने उनका फूल-माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।इस अवसर पर शिवशंकर पटेल ने कालका पटेल मुखिया को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। उन्होंने कहा कि संगठन में पुनः महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना उनके प्रति पार्टी नेतृत्व के विश्वास और उनके संगठनात्मक अनुभव को दर्शाता है।स्वागत कार्यक्रम के दौरान जीडी कटियार (पूर्व पीसीएस), हर्षित पटेल,राकेश कुशवाहा बड़ागांव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने कालका पटेल मुखिया को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

एसएमएस के 32वें स्थापना दिवस पर सजा 'आधारशिला-2026' का मंच

मंत्री सुरेश रैना ने किया युवाओं का हौसला बुलंद

प्रातः काल एक्सप्रेस

वाराणसी। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस), वाराणसी का 32वां स्थापना दिवस समारोह 'आधारशिला-2026' धूमधाम से मनाया गया। दो दिवसीय समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति, प्रतिभा और नवाचार के बल पर भारत विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। उन्होंने संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की।

समारोह में 20 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य, रंगोली, प्रश्नेत्तरी, कोडिंग, बिजनेस प्लान और पोस्टर निर्माण सहित विभिनन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और रैम्प शो ने भी आकर्षित किया। इस अवसर पर दस से तीस वर्षों तक सेवाएं देने वाले संस्थान के 22 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। संस्थान के पूर्व छात्र शानू मिश्रा के संगीत बैंड ने शानदार प्रस्तुति दी। निदेशक प्रो. पीएन झा सहित शिक्षक, अधिकारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कानून-व्यवस्था और गरीब कल्याण से मजबूत हुआ यूपी का भरोसा : अमरजीत मिश्र

प्रातः काल एक्सप्रेस

वाराणसी। महाराष्ट्र फिल्मसिटी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं मुंबई भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने सुशासन, सुरक्षा और विकास का नया उदाहरण पेश किया है। योगी सरकार आम जनता को भयमुक्त वातावरण देने के साथ अधिकारों की रक्षा और गरीबों के कल्याण के लिए काम कर रही है।

सोमवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री सर्वे-2026 में योगी आदित्यनाथ को देश का सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है। एक्सप्रेस-वे, निवेश, हवाई कनेक्टिविटी और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है।

उन्होंने कहा कि आवास, राशन, उज्ज्वला और आयुष्मान जैसी योजनाओं से गरीब परिवारों को लाभ मिल रहा है। इस दौरान युवा नेता डॉ. आलोक ज्ञानप्रकाश सिंह, भाजपा नेता अखिलेश सिंह और राकेश सिंह ने अमरजीत मिश्र का सम्मान किया।

स्थानीय दुकानदारों के समर्थन में सपा की पदयात्रा

प्रातः काल एक्सप्रेस

वाराणसी। ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते प्रचलन के खिलाफ और स्थानीय फुटकर दुकानदारों के समर्थन में बुधवार को समाजवादी व्यापार सभा ने प्रदेशव्यापी ग्राहक जागरूकता पदयात्रा निकाली। जिलाध्यक्ष आलोक प्रकाश गुप्ता एवं महानगर अध्यक्ष काशी नाथ गुप्ता के नेतृत्व में पदयात्रा नीचीबाग से शुरू होकर मैदागिन, मालवीय मार्केट, सप्तसागर, गोविंदपुरा और ठठेरी बाजार पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने तख्तियां लेकर व्यापारियों, दुकानदारों और ग्राहकों से संपर्क किया तथा स्थानीय बाजारों से खरीदारी करने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि ऑनलाइन खरीदारी से छोटे व्यापारियों और उनसे जुड़े परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है। स्थानीय बाजारों से खरीदारी करने पर क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था और रोजगार को मजबूती मिलती है। प्रदेश सचिव मुरलीधर जायसवाल ने भी ग्राहकों से स्थानीय दुकानदारों को प्राथमिकता देने की अपील की। पदयात्रा में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

कंगना रनौत ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन, लिया आशीर्वाद

प्रातः काल एक्सप्रेस



वाराणसी। फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत बुधवार को वाराणसी पहुंचीं। यहां उन्होंने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन कर विधिवत आशीर्वाद लिया। उनके आगमन को लेकर मंदिर परिसर में हलचल रही। इससे पहले कंगना रनौत लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं, जहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत भी की। एयरपोर्ट से वह शहर के लिए रवाना हुईं। काशी पहुंचने पर उन्होंने बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। दर्शन-पूजन के दौरान उन्होंने बाबा से देश और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। कंगना के काशी आगमन की जानकारी मिलने पर उनके प्रशंसकों में भी उत्सुकता देखने को मिली। उनकी वाराणसी यात्रा को लेकर लोगों के बीच चर्चा रही।

कृषि भवन परिसर में आयोजित हुआ जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव, श्रीअन्न के पौष्टिक उत्पादों की लगी प्रदर्शनी

मिलेट्स महोत्सव में किसानों को श्रीअन्न की खेती, उत्पादन तकनीक एवं पोषण संबंधी महत्व की दी गई जानकारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। कृषि भवन परिसर प्रतापगढ़ में कृषि विभाग द्वारा एक दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव एवं मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष विजय मिश्रा एवं राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि राय साहब सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। महोत्सव में जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से हजारों की संख्या में प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को मिलेट्स (श्रीअनन) की खेती के प्रति प्रोत्साहित करना, इसकी उनन्त उत्पादन तकनीकों से अवगत कराना तथा श्रीअनन के पोषण संबंधी महत्व एवं दैनिक जीवन में इसके उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग की ओर से कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना के लाभार्थी अखिलेश कुमार सरोज को चाभी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधान वैज्ञानिक कृषि विज्ञान



केन्द्र अवधेश कुमार सिंह द्वारा रबी एवं मिलेट्स की फसलों की उनन्त उत्पादन तकनीकों, फसल प्रबन्धन एवं कृषि सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। जिला उद्यान अधिकारी सुनील शर्मा द्वारा उद्यान विभाग से संचालित विभिनन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार द्वारा रबी फसलों की तैयारी, खाद एवं बीज की उपलब्धता तथा विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में कृषकों को अवगत कराया गया। उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह द्वारा मिलेट्स के अधिकतम उत्पादन, संरक्षण, भण्डारण एवं प्रसंस्करण के साथ-साथ इनसे तैयार होने वाले विभिनन पौष्टिक व्यंजनों तथा दैनिक जीवन में इनके उपयोग के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने श्रीअनन को उत्तम स्वास्थ्य की कुंजी बताते हुए कृषकों को इसकी खेती एवं उपभोग को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कृषकों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिनन योजनाओं का लाभ उठाने तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर कृषि उत्पादन एवं आय में वृद्धि करने का आह्वान किया। महोत्सव में जनपद के विभिनन प्रतिष्ठानों एवं श्री वेंकटेश उद्योग चिलबिला द्वारा ज्वार, बाजरा, रागी, सांवा, कोदो, कुटकी, कंगनी एवं चेना आदि मिलेट्स से निर्मित विभिनन खाद्य उत्पादों एवं पौष्टिक व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में मिलेट्स से तैयार विभिनन रेसिपी एवं खाद्य पदार्थों को प्रदर्शित किया गया, जिसकी उपस्थित अधिकारियों एवं कृषकों द्वारा सराहना की गई। इस अवसर पर कृषकों को श्रीअनन के पोषण संबंधी महत्व, संतुलित आहार में इसकी उपयोगिता तथा कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी चमन सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी अनिल प्रसाद मिश्र सहित जनपद के विभिनन विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया तथा कृषकों को विभागीय योजनाओं एवं कृषि तकनीकों से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अन्त में जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार द्वारा जनपद के विभिनन क्षेत्रों से आये समस्त कृषकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विभिनन प्रतिष्ठानों के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनगणना-2027 के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का एसडीएम ने किया निरीक्षण, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को दिए आवश्यक निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। जनगणना-2027 की तैयारियों एवं प्रशिक्षण कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी (अवर प्रभारी अधिकारी जनगणना) विमल कुमार द्वारा नगर पंचायत गड़वारा एवं नगर पंचायत अंतू में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रक्षण की व्यवस्थाओं एवं प्रगति का अवलोकन करते हुए उपस्थित प्रशिक्षणाथिर्यों से संवाद किया तथा जनगणना की प्रक्रिया एवं इसके महत्व के संबंध में जानकारी दी। भ्रमण के दौरान विमल कुमार ने प्रशिक्षणाथिर्यों को जनगणना के विभिनन चरणों, स्व-गणना एवं जनसंख्या गणना की प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने गणना कार्य में डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग, सही एवं त्रुटिरहित आंकड़ों के संकलन तथा प्रत्येक परिवार तक पहुंच सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी का उपयोग करते हुए अपने दायित्वों का पूर्ण गंभीरता एवं जिम्मेदारी से निर्वहन करें, जिससे जनगणना-2027 का कार्य निर्धारित समय-सीमा में शुद्धता एवं पारदर्शिता के साथ संपनन हो सके।

पचायत मतदाता सूची में संशोधन को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। पंचायत मतदाता सूची में परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कराने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश जारी किए है। डीएम ने कहा कि पंचायत राज अधिनियम की धारा-9(8) के अनुसार नामांकन की अंतिम तिथि के बाद और निर्वाचन पूर्ण होने से पूर्व मतदाता सूची में कोई सुधार नहीं किया जाएगा। सामान्य दिनों में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार जांच कर कार्रवाई की जाए।

उन्होंने बताया कि परिवर्धन के लिए प्रपत्र-2, संशोधन के लिए प्रपत्र-3 और विलोपन के लिए प्रपत्र-4 में आवेदन लिए जाएं। जांच के बाद परिवर्धन सूची, संशोधन सूची और विलोपन सूची तीन-तीन प्रतियों में तैयार कर सुरक्षित रखी जाए। आयोग द्वारा पुनरीक्षण की अधिसूचना जारी होने पर ऑनलाइन डाटा एंट्री कराई जाएगी।

भाजपा की रैली से जाम पर सपा ने उठाए सवाल

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी ने भाजपा की प्रयागराज में आयोजित रैली के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था पर सवाल उठाया है। सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर ने कहा कि लोकतंत्र बचाने का दावा करने वाली भाजपा पहले जनता के आवागमन के अधिकार का सम्मान करे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में निकली रैली के कारण स्कूली बच्चों, मरीजों, व्यापारियों और आम नागरिकों को घंटों जाम और बैरिकेडिंग झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है, न कि सत्ता का प्रदर्शन। जनता महंगाई, बेरोजगारी और शिक्षा पर जवाब चाहती है।

शिक्षक व उसके भाई के साथ मारपीट के आरोप में चार के विरुद्ध केस दर्ज.

प्रातः काल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव से स्कूल से घर जा रहे शिक्षक व उसके भाई के साथ कुछ लोग मिलकर मारपीट कर धमकी देने लगे, पीडि़त की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद निवासी फैसल रजा पुत्र मो जावेद ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका भाई अहमद रजा स्कूल से घर जा रहा था, इस दौरान रास्ते में कुछ लड़के छींटाकसी करते हुए मारपीट करने लगे, बीच बचाव के दौरान उसके साथ भी मारपीट कर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पीडि़त की शिकायत पर कड़ा धाम पुलिस ने फरीदागंज प्रदीप, अतुल, आकाश एवं एक अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। गाजीपुर कस्बे के औगासी रोड पर दो बाइकों की भिड़ंत में देवलाल गांव निवासी 32 वर्षीय राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी गाजीपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

विद्यालय में विद्यार्थियों को सिखाए सड़क सुरक्षा के नियम

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। यातायात माह के तहत बुधवार को यातायात पुलिस की ओर से पक्का तालाब स्थित आरएस एक्सल स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात बृजमोहन राय के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी केसरी यादव ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सड़क पर सुरक्षित आवागमन के जरूरी नियम बताए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई और यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता सामग्री वितरित की गई।

सरस मेले में दीदियों के उत्पादों की बिक्री तीन लाख के पार, महिलाओं में दिखा उत्साह

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। कलेक्ट्रेट स्थित गांधी मैदान में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित तीन दिवसीय जनपद स्तरीय सरस मेले का बुधवार को समापन हो गया। मेले के अंतिम दिन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री में तेजी देखने को मिली। तीन दिनों के आयोजन में कुल बिक्री का आंकड़ा तीन लाख रुपये के पार पहुंच गया। इससे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मेले में जनपद के विभिनन विकास खंडों से आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने खाद्य सामग्री, मसाले, अचार, मुरब्बा, हस्तशिल्प, सजावटी सामान, दीपावली पूजन सामग्री, गिफ्ट हैम्पर, कपड़े सहित विभिनन स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लगाए थे। मेले में पहुंचे लोगों ने इन उत्पादों की खरीदारी की और महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। सरस मेले ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराया। इसके माध्यम से महिलाओं को सीधे ग्राहकों तक पहुंचने और अपने उत्पादों को बाजार में पहचान दिलाने का अवसर मिला। जिला प्रशासन की ओर से आयोजित इस मेले का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना, उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देना रहा। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में मिली अच्छी बिक्री से समूह की दीदियों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।



बच्चों के भविष्य पर मंथन, विद्यालय की बेहतरी का बना खाका

एसएमसी की बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता से लेकर स्वच्छता, सुरक्षा और नियमित उपस्थिति पर हुई चर्चा

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। विद्यालय सिर्फ पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य की नींव तैयार करने का स्थान है। इसी सोच के साथ कड़ा विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय हिसामपुर परसखी में बुधवार को विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) की बैठक आयोजित की गई। शिक्षिका माया सिंह के नेतृत्व में हुई बैठक में बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और विद्यालय को सुविधायुक्त बनाने के लिए विभिनन मुद्दों पर विस्तार से मंथन किया गया।बैठक में सबसे पहले पिछली बैठक में लिए गए निणर्यों की समीक्षा कर उनके अनुपालन की स्थिति पर चर्चा की गई। इसके बाद बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। सदस्यों ने कहा कि विद्यालय से बच्चों का जुड़ाव बनाए रखने के लिए अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। अनियमित उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें नियमित विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करने की रणनीति बनी। शैक्षिक गुणवत्ता के मुद्दे पर बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार, बुनियादी दक्षताओं के विकास, नियमित मूल्यांकन और कमजोर शैक्षिक स्तर वाले विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई गई।? इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा नीरज कुमार उमराव ने बताया कि एसएमसी बैठक का उद्देश्य विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के साथ बच्चों के लिए बेहतर शैक्षिक वातावरण तैयार करना है। बैठक में शिक्षिका माया सिंह, शिक्षामित्र बीरेंद्र कुमार, संध्या देवी पटेल, अध्यक्ष महेंद्र सिंह समेत समस्त सदस्य उपस्थित रहे।



गंगा उत्सव पर रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता, छात्राओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। गंगा उत्सव के अवसर पर जिला गंगा समिति की ओर से विभिनन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज पनी एवं विपिन राज कॉन्वेंट स्कूल की छात्राओं ने रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर गंगा स्वच्छता का संदेश दिया। छात्राओं ने अपनी कलाकृतियों के माध्यम से गंगा नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने का आह्वान किया। जिला गंगा समिति की ओर से ओम घाट पर गंगा आरती का आयोजन भी किया गया। वहीं डीएफओ जीडी मिश्रा के निर्देशन में विभिनन विद्यालयों में रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता के साथ गंगा स्वच्छता रैली निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान डीपीओ ज्ञान तिवारी और नमामि गंगे के संयोजक शैलेंद्र शरण सिंपल ने लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज पनी एवं विपिन राज कॉन्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरण ने कहा कि गंगा नदी हमारी जीवनदायिनी है। इसकी अविरलता और निर्मलता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से गंगा को स्वच्छ रखने का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम में आशीष मिश्रा, रवि कुमार, लीना श्रीवास्तव, जुबेरिया, सदफ फातिमा, प्रतिभा, शाइस्ता, अब्दुल कुद्दूस, अंशुमान, सर्वेश श्रीवास्तव, यीशु तिवारी और सुरेंद्र पाठक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, दूध-तेल समेत छह खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। अभिसूचना एवं लिखित शिकायतों के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बुधवार को जनपद में विभिनन स्थानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों की जांच के लिए छह नमूने संग्रहित किए। इस दौरान करीब 90 किलोग्राम सरसों का तेल सीज किया गया।कार्रवाई के दौरान राधानगर स्थित संतोष कुमार दूधिया के यहां से दूध का नमूना लिया गया। वहीं लोधीगंज में रमेश के प्रतिष्ठान से सरसों के तेल का नमूना लेकर करीब 30 किलोग्राम तेल सीज किया गया। इसी क्रम में बिंदकी स्थित दयानंद की दुकान से सरसों के तेल का नमूना संग्रहित कर लगभग 60 किलोग्राम तेल सीज किया गया। इसके अलावा बकेवर स्थित सुमित किराना स्टोर से जीरा का नमूना लिया गया। वहीं धमना खुर्द में इमरान की गुड़ निर्माण इकाई और फैजान की गुड़ निर्माण इकाई से एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई में दूध, सरसों का तेल, जीरा और गुड़ के कुल छह नमूने जांच के लिए लिए गए। नमूनों को प्रयोगशाला भेजकर उनकी गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लोकतंत्र बचाओ- अराजकता हटाओ के समर्थन में उमड़ा जन सैलाब

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज/प्रयागराज में बीजेपी की लोकतंत्र बचाओ,अराजकता हटाओ पदयात्रा निकाली डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की अगुवाई में पत्थर गिरजाघर स्थित धरना स्थल से शहीद वाल तक पदयात्रा निकाली गई।पदयात्रा में उत्तर प्रदेश सरकार के कई मंत्री समेत वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी पदयात्रा में सम्मिलित रहे कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह रहा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर सिंह ने जोश- उमंग-उत्साह के साथ अपने सहयोगियों के साथ सहभागिता की परमजीत सिंह बग्गा,मनु चावला,कमल सिंह,जसविंदर सिंह जग्गी,नवजोत



सिंह,कुलदीप सिंह,मो.दानिश कुरैशी,सारा दानिश कुरैशी,हरमनजी सिह,सरदार पतविन्दर सिंह पद-यात्रा में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ के समर्थन में उमड़ा जन सैलाब राष्ट्रवाद एवं हिंदुत्व की एकता का संदेश दे रहा है त सत्ता का ख्वाब देख रहे विपक्षी दलों को यह जन सैलाब संदेश दे रहा है कि निकट भविष्य में आपका ख्वाब पूरा नहीं होगा त्आपके झूठ दस प्रचार का देश की जनता पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है त देश की सम्मानित देवतुल्य जनता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को स्वीकार कर निरंतर जनादेश दे रही है एवं विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए पूर्णतः संकल्पित दिखा।

19 नवंबर से चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। जनपद में 19 नवंबर से 7 दिसंबर तक फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सघन सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई। डीएम ने दीपावली और छठ पर घर लौटे प्रवासियों तथा पूर्व में दवा सेवन से छूटे लोगों को प्राथमिकता से दवा खिलाने के निर्देश दिए। अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ बीएमजीएफ, पीसीआई और पाथ की टीमें सहयोग करेंगी। स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और राशन वितरण केंद्रों के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। डीएम ने लोगों से स्वास्थ्यकमिर्यों के सामने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करने की अपील की।

ट्रैक्टर की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, तीन लोग घायल

समाजसेवी अशोक तपस्वी ने अपनी एंबुलेंस से घायलों को पहुंचाया जिला अस्पताल

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र में बांदा-सागर मार्ग पर आरवीएस स्कूल के समीप गुरुवार दोपहर ट्रैक्टर की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा सवार दो भाइयों समेत तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे समाजसेवी अशोक तपस्वी ने अपनी एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, मदरियापुर गांव निवासी जनार्दन का 12 वर्षीय पुत्र अखिलेश, उसका 20 वर्षीय भाई जयसिंह और 50 वर्षीय नोखे लाल ई-रिक्शा से घर जा रहे थे। आरवीएस स्कूल के पास पीछे से आए ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रिक्शा सड़क पर पलट गया और उसमें सवार तीनों लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर समाजसेवी अशोक तपस्वी तत्काल अपनी एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने तीनों को भर्ती कर उपचार शुरू किया।

बाइक की टक्कर से मजदूर गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-2 पर सीतापुर गौशाला के समीप सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से 52 वर्षीय मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उसे थरियांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, बिहार प्रांत के शिवली जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र निवासी स्वर्गीय छेददन का पुत्र देवी प्रसाद थरियांव क्षेत्र में रहकर मजदूरी करता है। बीती रात वह सीतापुर गौशाला के पास हाईवे पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे लोगों ने उसे थरियांव सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल में उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।